
वर्ष : 33 ▸ अंक : 224 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# दो बजे दोपहर




## महाराष्ट्र का रण

# नामांकन खत्म, लेकिन सीटों को लेकर कंफ्यूजन बरकरार

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की समय सीमा खत्म हो गई है, लेकिन अभी भी करीब 15 सीटों पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। भारतीय जनता पार्टी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सत्तारूढ़ गठबंधन ने अभी तक चार सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। वहीं विपक्षी महा विकास अघाड़ी-कांग्रेस, शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और राकांपा के शरद पवार गुट ने आधिकारिक तौर पर 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। बीजेपी ने अब तक 152 उम्मीदवार, एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 80, तो वहीं अजित पवार के गुट राकांपा ने 52 प्रत्याशी उतारे हैं। इसमें वे सीटें भी शामिल हैं जो उन्होंने छोटे दलों को दी हैं। भाजपा ने चार और शिवसेना ने दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी है। वहीं एमवीए में कांग्रेस ने 103 उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार की पार्टी के 87-87 सीटों पर कैंडिडेट मैदान में हैं। विपक्षी खेमे में हफ्तों तक चली खींचतान के बाद भी ये अभूतपूर्व स्थिति बनी हुई है। हालांकि सत्तारूढ़ गठबंधन, जिसने कमोबेश मामला सुलझा लिया था, उसने भी सस्पेंस को बढ़ने दिया। कन्फ्यूजन की स्थिति के साथ-साथ नेताओं के बागी बनने और निर्दलीय नामांकन दाखिल करने के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

## भाजपा ने दो और उम्मीदवार उतारे, कुल 148 मैदान में




**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों क लिए बीजेपी ने कैंडिडेट की चौथी सूची जारी की है। पार्टी ने इस सूची में कुल दो उम्मीदवारों के नाम ऐलान किया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की मीरा भाईंदर सीट बीजेपी के हिस्से में आई है। पार्टी ने यहां से नरेंद्र मेहता को उतारा है। मौजूदा विधायक गीता जैन को टिकट नहीं मिला है। गीता जैन राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले मीरा रोड पर हिंसा के दौरान सुर्खियों में आई थीं। इसके बाद उनके साथ तेलंगाना बीजेपी के विधायक टी राजा सिंह ने एक शोभायात्रा भी निकाली थी। पूर्व में मीरा भाईंयर की मेयर रही गीता जैन को टिकट मिलने की चर्चा थी लेकिन पार्टी ने यहां नए कैंडिडेट को मौका दिया है। वह पिछली बार निर्दलीय जीती थीं।

### अब तक 152 कैंडिडेट घोषित

बीजेपी ने उमरेड से सुधीर लक्ष्मण राव पारवे को उतारा है। दो कैंडिडेट के ऐलान के साथ राज्य में बीजेपी के कुल प्रत्याशियों की संख्या 152 हो गई है। महायुति में नौ सीटों पर ऐलान बाकी थी। अब सिर्फ पांच सीटों ऐलान बाकी रह गया है। बीजेपी ने सबसे बड़े नेता और राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण पश्चिम से लड़ रहे हैं। मीरा भाईंयर सीट से महाविकास आघाडी (MVA) ने मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मुज्जफर हुसैन को उम्मीदवार बनाया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले मुंबई की मीरा रोड पर हिंसा सामने आई थी। इसके बाद पुलिस एक्शन हुआ था। मीरा रोड पर बुलडोजर भी चला था। विधानसभा चुनावों में इस पूरे प्रकरण का असर दिखने की उम्मीद की जा रही है।




## एनसीपी की दो उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी

**धीरज सिंह । मुंबई**

अजित पवार की एनसीपी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को दो उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। इसमें पार्टी ने देवेंद्र भुयार को मोर्शी और शंकर मांडेकर को भोर से मैदान में उतारा है।



### भाजपा नेता किरीट सोमैया का ट्वीट

बता दें कि आज एनसीपी अजित गुट की तरफ से नवाब मलिक को आधिकारिक उम्मीदवार बनाए जाने के कुछ देर बाद भाजपा नेता किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया और कहा कि मानखुर्द शिवाजी नगर सीट के लिए महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार सुरेश कृष्ण पाटिल (बुलेट पाटिल) हैं। किरीट सोमैया ने अपने ट्वीट में आगे लिखा, हम वोट जिहाद, आतंकवाद का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों को हराने के लिए लड़ेंगे।

### मानखुर्द शिवाजी नगर से नवाब मलिक ने भरा पर्चा

इससे पहले नवाब मलिक ने मंगलवार को आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एनसीपी (अजित पवार) उम्मीदवार के तौर पर मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद नवाब मलिक ने कहा, आज मैंने एनसीपी उम्मीदवार के तौर पर मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भी पर्चा दाखिल किया था। लेकिन पार्टी ने एबी फॉर्म भेजा और हमने इसे दोपहर 2 .55 बजे जमा कर दिया और अब मैं एनसीपी का आधिकारिक उम्मीदवार हूं।

### मानखुर्द शिवाजी नगर सीट को लेकर महायुति में रार

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले ही महायुति गठबंधन के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है, दरअसल एनसीपी (अजित पवार गुट) ने मानखुर्द शिवाजी नगर से नवाब मलिक को अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि यह सीट पहले से ही भाजपा के नेता किरीट सोमैया के पास है और वे इसी सीट पर शिवसेना के सुरेश कृष्ण पाटिल को 'आधिकारिक' उम्मीदवार बनाने की कोशिश कर रहे हैं।



### नामांकन से पहले शिवसेना में शामिल हुईं शाइना

**मुंबई।** भाजपा की प्रवक्ता शाइना एनसी सोमवार को महायुति गठबंधन की सहयोगी शिवसेना में शामिल हो गईं। इसके उन्होंने शिवसेना के टिकट पर मुंबादेवी निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। शाइना ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की।

### पूर्व मंत्री नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और तीन बार के कांग्रेस विधायक रहे अनीस अहमद महज एक मिनट की देरी से नामांकन दाखिल करने से चूक गए।

### बर्खास्त आईएएस अधिकारी खेडकर के पिता भी मैदान में

**पुणे।** बर्खास्त आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर लोकसभा चुनाव में विफलता के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। उन्होंने अहिल्यानगर जिले की शेवगांव सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है। गौरतलब है कि इस बार उन्होंने चुनावी हलफनामे में अपनी पत्नी से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी है, जबकि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने ऐसा किया था। पूर्व सरकारी अधिकारी दिलीप और उनकी पत्नी मनोरमा कथित आपराधिक धमकी के मामले में आरोपी हैं।

## एनसीपी (एसपी) ने पांच उम्मीदवार किए घोषित

**मुंबई।** शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने पांच और उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। इस तरह एनसीपी (एसपी) अब तक 87 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

### मोहोल से सिद्धी कदम की उम्मीदवारी रद्द

मंगलवार को जारी सूची में शरद पवार की पार्टी ने सोलापुर जिले की मोहोल सीट से सिद्धी रमेश कदम की उम्मदवारी को रद्द कर दिया। सिद्धी कदम की जगह राजू खरे को टिकट दिया है। स्थानीय नेताओं के विरोध के बाद पार्टी ने यह फैसला लिया है। मोहोल विधानसभा क्षेत्र की निवासी नहीं होने के कारण सिद्धी कदम की उम्मीदवारी का विरोध हो रहा था। इसके बार पार्टी ने उनकी जगह राजू खरे को उम्मीदवार बनाया है।



### माढ़ा विधानसभा क्षेत्र से अभिजीत पाटिल

पार्टी ने सोलापुर जिले के माढ़ा विधानसभा क्षेत्र से अभिजीत पाटिल और पंढरपुर क्षेत्र से अनिल सावंत को मैदान में उतारा। इसके अलावा मोर्शी विधानसभा सीट से गिरीश कराले और संगीता वाजे मुंबई की मुलुंड सीट से चुनाव लड़ेंगी।



आखिर कब थमेगा ये सिलसिला?

### फिर 100 विमानों को मिली बम से उड़ाने की धमकी




**मुंबई।** सरकार और डीजीसीए की तमाम सख्ती और नियमों के बाद भी विमानों में बम की धमकियां लगातार मिल रही हैं। इस बीच एक बार फिर सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंगलवार को भी विभिन्न भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित 100 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूत्रों ने दावा किया है कि मंगलवार को एयर इंडिया को करीब 36 उड़ानों और इंडिगो को करीब 35 उड़ानों के लिए धमकियां मिलीं। वहीं विस्तारा की 32 उड़ानों में भी बम होने की धमकी मिली। बता दें कि बीते16 दिनों में 510 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि तकरीबन ये सभी जांच में फर्जी निकलीं। ज्यादातर सभी धमकियां सोशल मीडिया के माध्यम से जारी की गईं।

### फर्जी आईपीएस अफसर गिरफ्तार

**मुंबई/नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर एक कारोबारी से एक करोड़ की ठगी करने वाले आरोपी गौरव रामचेश्वर मिश्रा (37) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी ने पुलिस की वर्दी पहनी, लालबत्ती लगी गाड़ी में सफर किया और रेलवे बोर्ड में महानिरीक्षक का फर्जी पहचान पत्र इस्तेमाल किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी 2018 में शिकायतकर्ता से मिला था और उसका विश्वास जीतने के बाद ठगी की।

## आरआर पाटिल ने पीठ में छुरा घोंपा : अजित

सिंचाई घोटाले में फर्जी तरीके से फंसाने का आरोप लगाया

**दीपक पवार । पुणे**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उनके करीबी सहयोगी और तत्कालीन गृहमंत्री आरआर पाटिल ने करोड़ के सिंचाई घोटाले में उनके खिलाफ खुली जांच का आदेश देकर उनकी पीठ में छुरा घोंपा।



### खुली जांच के आदेश ने बढ़ाई पवार की मुश्किलें

पवार ने दावा किया कि एक फाइल तैयार की गई और गृह विभाग (आरआर पाटिल की अध्यक्षता में) को भेज दी गई। इसके आधार पर पाटिल ने पवार के खिलाफ खुली जांच को मंजूरी दी। पवार ने दावा किया कि भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री बनने के बाद वह फाइल उन्हें दिखाई थी। पवार ने यह बातें एनसीपी उम्मीदवार संजय काका पाटिल के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कहीं, जो तासगांव से दिवंगत पाटिल के बेटे रोहित के खिलाफ मैदान में हैं।

### 'मुझे बदनाम करने की कोशिश'

पवार ने कहा कि सिंचाई घोटाले में गलत आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की गई। पवार ने कहा कि परियोजना के लिए वास्तविक व्यय 43 हजार करोड़ रुपये थी, लेकिन यह दिखाया गया कि घोटाला 70 हजार करोड़ रुपये का हुआ। पवार 1999-2009 के दौरान जल संसाधन विकास मंत्री थे। तब महाराष्ट्र में कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सत्ता में था। उन्होंने विदर्भ सिंचाई विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया था, जिसने सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। वहीं, कांग्रेसी नेता पाटिल 2004 से 2014 तक कांग्रेस-एनसीपी सरकार में राज्य के गृहमंत्री रहे और मामले में जांच के आदेश दिए।

## धनतेरस पर हुई जबरदस्त धनवर्षा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/नई दिल्ली**

धनतेरस के मौके पर देशभर के बाजारों में जबरदस्त रौनक रही और लोगों ने दिल खोलकर खरीदारी की। सोना-चांदी के अलावा वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, बर्तन, कपड़ों समेत अन्य उत्पादों की अच्छी खरीद-बिक्री हुई। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक, इस साल धनतेरस पर करीब 60 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। पिछले साल लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। कारोबार में 20 फीसदी का उछाल संभव है।



**साल दर साल बरसा धन**

| | |
|---|---|
| 2024 | 60,000 करोड़ |
| 2023 | 50,000 करोड़ |
| 2022 | 35,000 करोड़ |

### 22,500 हजार करोड़ के सोना-चांदी बिके

ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा ने बताया कि कीमतों में तेजी के बावजूद इस धनतेरस पर सोने और चांदी की जबरदस्त बिक्री हुई है। देशभर में लगभग 20 हजार करोड़ का सोना और लगभग 2500 करोड़ की चांदी खरीदी गई। लगभग 25 टन सोने की बिक्री हुई, जिसका मूल्य 20 हजार करोड़ रुपये है। इसी तरह देशभर में 250 टन चांदी बिकी, जिसकी कीमत लगभग 2,500 करोड़ रुपये है। पिछले साल करीब 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था।

**राजनीति** महाराष्ट्र में निवेश पर विवाद, शरद पवार ने प्रधानमंत्री पर लगाया कंपनियों को गुजरात भेजने का आरोप

## देवेंद्र फडणवीस का शरद पवार और कांग्रेस पर जोरदार प्रहार

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

महाराष्ट्र में चुनावी माहौल गरमाने लगा है। नामांकन खत्म होने के बाद अब प्रचार को दौर शुरू होने जा रहा है। ऐसे में नेताओं ने अपने विरोधी पर हलमे करना शुरू कर दिया है। महाविकास अघाड़ी के नेता सरकार पर महाराष्ट्र से निवेश को बाहर भेजने का आरोप लगती रही है। निवेश का मुद्दा एक बार फिर से इस चुनावी माहौल में सुर्खियों में आ गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और शरद पवार ने बीजेपी पर परियोजनाओं गुजरात भेजने का आरोप लगाया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाविकास अघाड़ी नेताओं के बयानों को "फेक नैरेटिव" करार देते हुए मंगलवार को तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शरद पवार और कांग्रेस नेता जयराम रमेश राज्य में निवेश के मुद्दे पर बेबुनियाद बयान दे रहे हैं। फडणवीस ने महाराष्ट्र में परियोजनाओं के मामले में तथ्यों को स्पष्ट किया और आरोप लगाया कि पवार के कार्यकाल में कभी गुजरात तो कभी कर्नाटक नंबर एक निवेश का केंद्र बने रहे, जबकि आज महाराष्ट्र इस स्थान पर है।



### एमवीए के शासनकाल में गुजरात गई परियोनाएं


उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के अनुसार, टाटा एयरबस प्रोजेक्ट का एमओयू सितंबर 2021 में ही साइन किया गया था, जब MVA का शासन था। उसी समय, यह निर्णय भी लिया गया कि परियोजना गुजरात में स्थापित होगी। फडणवीस ने इस दावे के समर्थन में रतन टाटा और बिजनेस वर्ल्ड की रिपोर्ट का हवाला दिया। उनका दावा है कि टाटा के अधिकारियों को महाराष्ट्र के MADC कार्यालय में अपेक्षित सहयोग नहीं मिला था। बीजेपी नेता देवेन्द्र फडणवीस ने फॉक्सकॉन परियोजना पर MVA के रवैये को भी निशाने पर लिया। उन्होंने बताया कि MVA सरकार के दौरान जनवरी 2022 में महाराष्ट्र को पहली बार फॉक्सकॉन का प्रस्ताव मिला था, परंतु निर्णय की गति धीमी रही। जुलाई 2022 में जब एकनाथ शिंदे सरकार सत्ता में आई, तब ही फॉक्सकॉन परियोजना को राज्य में तेज़ी से आगे बढ़ाया गया।

# मीरा-भायन्दर से बीजेपी ने नरेंद्र मेहता को दिया टिकट

## गीता जैन का निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता । मीरा भायन्दर

145 मीरा-भायन्दर विधानसभा सीट पर महायुति से टिकट की अटकलों पर नामांकन भरने के अंतिम दिन विराम लग गया। मंगलवार की सुबह बीजेपी ने इस सीट से नरेंद्र मेहता के नाम की अधिकृत घोषणा कर दी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गीता जैन ने बीजेपी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए दुख जताया और इस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, 'यह जनता का चुनाव है, जनता खुद अपने लिए मतदान करेगी और इस बार भी इतिहास दोहराएगी।' उन्होंने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे ने उन्हें महायुति से टिकट दिलाने के लिए बहुत प्रयास किए और डीसीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी उन्हें आश्वासन दिया था, लेकिन अंतिम समय में उनका निर्णय बदल गया। इसे लेकर उन्होंने दुख जताया।



### मेहता को मिला मेहनत का ईनाम

वहीं, महायुति से बीजेपी का टिकट मिलने पर नरेंद्र मेहता ने खुशी जताई और इसके लिए सीएम शिंदे, डीसीएम फडणवीस और अजीत पवार का आभार जताया। मेहता ने कहा कि वे पिछला चुनाव हारने के दिन से ही संगठन को मजबूत करने और बढ़ाने के कार्य में जुट गए थे। इसके इनाम के रूप में ही बीजेपी ने उन्हें टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि इससे बीजेपी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में खुशी तथा उत्साह का वातावरण है।

### महायुति का सहयोग न मिलने से हुई थी हार

इसके साथ ही पिछले चुनाव में हुई हार को लेकर मेहता ने कहा कि उनकी हार का कारण उनके खिलाफ किया गया दुष्प्रचार और महायुति का सहयोग नहीं मिलना रहा। उन्होंने बताया कि इस बार महायुति के सभी नेताओं ने सहयोग करने का वादा किया है और विरोधियों के पास उनके खिलाफ दुष्प्रचार करने के लिए अब कुछ नहीं बचा है।

# ठाणे जिला परिषद में मतदान जनजागृति का आयोजन



धर्मेंद्र उपाध्याय । ठाणे

विधानसभा चुनाव को लेकर 147 आगामी विधानसभा कोपरी पाचपाखाडी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव निर्णय अधिकारी सर्जेराव म्हस्के- पाटील के मार्गदर्शन में जिला परिषद में मतदान जनजागृती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिकारी व कर्मचारियों का अच्छा प्रतिसाद मिला। चुनाव अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप सहायक ने जनजागृती किया साथ ही 20 नवंबर को मतदान करने के लिए कर्मचारियों ने विश्वास दिया। इस समय जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फडतरे व उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत) प्रमोद काले ने लोकतंत्र में हर नागरिक को मतदान करने के लिए अधिकार है यह आवाहन किया और उपस्थित सभी लोगों ने मतदान करने के लिए शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर स्वीप सदस्य राजेंद्र परदेशी, अनंत सोनावले, सिताराम परब, अविनाश सावंत सहित जिला परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक तरफा मोहब्बत का दर्दनाक अंजाम

## प्यार से किया इनकार तो उतार दिया मौत के घाट

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी



भिवंडी के भादौड़ गांव निवासी 23 वर्षीय युवती की गला रेत कर हत्या करना का मामल सामने आया है। हत्या का कारण एक तरफा प्रेम बताया जा रहा है। शांतिनगर पुलिस ने मृतक महिला के पिता की शिकायत पर उसी गांव के रहने वाले राजू महेंद्र सिंग के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### केस डायरी

पुलिस के अनुसार, भादौड़ गांव स्थित कृष्णानगर में भान बलवंत सिंह अपनी दो बेटियां के साथ रहते हैं। सोमवार के रोज उसी गांव का रहने वाला राजू महेंद्र सिंग 24 वर्ष ने शिकायकर्ता की बड़ी बेटी नीतू भान सिंह (23) से अपने प्रेम का इजहार किया। परंतु नीतू भान सिंह ने उसे अस्वीकार कर दिया, जिस से नाराज राजू सिंह ने उसी रात उसके घर जा कर युवती पर चाकू से कई वार किया और चाकू से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। जब बीच बचाव हेतु छोटी बहन वहां आई तब उक्त हत्यारे ने उस पर भी चाकू से वार कर उसे घायल कर वहां से फरार हो गया है। इस प्रकरण में शांतिनगर पुलिस ने मृतक महिला के पिता की शिकायत पर आरोपी राजू महेंद्र सिंग 24 वर्ष के खिलाफ बीएनएस की धारा 103, 133, 118(1) महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की कलम 37(1), 135 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इसकी जांच पुलिस उपनिरीक्षक (गुन्हे) अतुल अडूरकर कर रहे है।

# समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रियाज़ आज़मी ने किया नामांकन

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी



महाराष्ट्र में विधान सभा चुनाव के लिए होने वाले नामांकन के आखिरी दिन भिवंडी पश्चिम 136 विधान सभा सीट से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रियाज़ आज़मी ने अपना नामांकन किया। रियाज़ आज़मी ने अपने नामांकन यात्रा की शुरुआत हजरत दरगाह दीवान शाह बाबा की मज़ार पर चादर का पेश कर पार्टी पदाधिकारियों, हज़ारों कार्यकताओं, समर्थकों के साथ शहर के साहिल होटल, एक्सचेंज धाममनकर नाका होते हुए नामांकन स्थल मंगल भवन पहुंचे और अपना नामांकन किया। रियाज़ आज़मी की इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाए शामिल थी जो प्ले कार्ड लिए हुए थी और जहां-जहां से ये रैली गुजरी पूरे वहां समाजवादी पार्टी का लाल हरा झंडा दिखाई दे रहा था। समर्थकों की भारी भीड़ ने नामांकन रैली को जीत की रैली में बदल दिया, पार्टी के कार्यकर्ता गगन भेदी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के भिवंडी पर्यवेक्षक उमैर जलाल, पूर्व नगर सेवक फराज बहाउददीन बाबा, मुनवर शेख समेत बड़ी संख्या में सपाई शामिल थे।

# कल्याण ग्रामीण में शिवसेना शिंदे गुट का शक्ति प्रदर्शन

## शिंदे गुट के उम्मीदवार राजेश मोरे ने भरा अपना नामांकन पत्र

दोपहर संवाददाता । डोंबिवली

महाराष्ट्र के कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना शिंदे गुट उम्मीदवार राजेश मोरे ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान मनसे विधायक राजू पाटिल, ठाकरे गुट के उम्मीदवार सुभाष भोईर भी चुनावी मैदान में हैं इसलिए अब कल्याण ग्रामीण में तिरंगी मुकाबला देखने को मिलेगा। इस मौके पर सांसद श्रीकांत शिंदे मौजूद थे।

### होगा तिरंगी मुकाबला



सासंद श्रीकांत शिंदे को लोकसभा चुनाव में मनसे द्वारा मिली मदद के चलते शिंदे को जीत मिली ऐसा कहा जाता है इसलिए इस विधानसभा क्षेत्र से शिंदे गुट अपना उम्मीदवार उतारेगा या नहीं, इस पर पेंच फंसा था। इस निर्वाचन क्षेत्र में शिव सेना शिंदे गुट ने डोंबिवली शहर प्रमुख राजेश मोरे की उम्मीदवारी की घोषणा की और आज उम्मीदवार राजेश मोरे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस दौरान रैली में खूब ताकत दिखाई। इस अवसर पर बोलते हुए, राजेश मोरे ने उन्हें उम्मीदवारी देने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया विश्वास पर हम खरे उतरेंगे।

# शराब पार्टी से 20 नाइजीरियाई ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए खारघर इलाके में पार्टी कर रहे 13 महिलाओं और सात पुरुषों समेत 20 नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 26.77 लाख रुपये की अनुमानित कीमत की मेफेड्रोन ड्रग जब्त की। एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पांच पुलिस निरीक्षकों, 150 कांस्टेबलों, दंगा निरोधी दस्ते के कर्मियों और एक फोरेंसिक टीम के सदस्यों समेत एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) के अधिकारियों ने सोमवार देर रात दो फूड जॉइंट पर छापा मारा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुलिस ने नाइजीरियाई लोगों के कब्जे से 26,77,500 रुपये की कीमत की 107 ग्राम मेफेड्रोन और शराब जब्त की।

# ठाणे मध्यवर्ती कारागृह में दीपावली मेला का आयोजन

## कारागृह कैदियों के हाथ से बनी वस्तुओं का प्रदर्शन व बिक्रीउद्घाटन



दोपहर संवाददाता । ठाणे

अतिरिक्त पुलिस महासंचालक व महानिरीक्षक कारागृह सुधारसेवा महाराष्ट्र राज्य पुणे प्रशांत बुरडे व विशेष पुलिस महानिरीक्षक (कारागृह) महाराष्ट्र राज्य पुणे डॉ.जालिंदर सुपेकर के संकल्पाना के तहत कारागृह के उपमहानिरीक्षक दक्षिण विभाग मुंबई योगेश देसाई के मार्गदर्शन ने दीपावली मेला का आयोजन ठाणे मध्यवर्ती कारागृह में शुभारंभ किया गया। कारागृह में सजा भुगत रहे कैदियों के हाथों से विविध प्रकार के वस्तुओं के बिक्री केंद्र का उद्घाटन जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के हाथों से किया गया। इस अवसर पर ठाणे मध्यवर्ती कारागृह अधीक्षक राणी भोसले व कारागृह के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।कारागृह में सजा भुगत रहे कैदियों के भविष्य को लेकर कारागृह के व्यावसायिक विभाग की ओर से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। कैदी अपनी सजा भुगतने के बाद बाहर निकलने पर उनके जीविका पर असर नहीं पड़े इसलिए यह प्रशिक्षण दिया जाता है।

## कल्याण पश्चिम विधानसभा

# महायुति के विधायक विश्वनाथ भोईर ने अपनी उम्मीदवारी दाखिल की

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

महाराष्ट्र के कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना, भाजपा, राकांपा और रिपाई महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार विधायक विश्वनाथ भोईर ने आज सैकड़ों समर्थकों की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



इस अवसर पर कल्याण पश्चिम के खडकपाड़ा से मुंबई विद्यापीठ चौक तक एक भव्य जुलूस निकाला गया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा घोषित उम्मीदवारों की सूची में कल्याण पश्चिम से मौजूदा विधायक विश्वनाथ भोईर को एक और मौका दिया गया है। विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारी दाखिल करने का मंगलवार को आखिरी दिन था और विश्वनाथ भोईर ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

# ड्रोन- पैराग्लाइडर और हॉट एयर बलून उड़ाने पर 30 दिनों के लिए लगा प्रतिबंध

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पुलिस ने ड्रोन, रिमोट नियंत्रित विमान, पैराग्लाइडर और 'हॉट एयर बलून' उड़ाने पर एक महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत पुलिस ने इस संबंध में एक निषेधाज्ञा जारी की है। जो 31 अक्टूबर से 29 नवंबर तक लागू रहेगी। आदेश के अनुसार, आतंकवादी और असामाजिक तत्व विशिष्ट व्यक्तियों को निशाना बनाने, लोगों के जीवन को खतरे में डालने और मुंबई में सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने के लिए ड्रोन, रिमोट-नियंत्रित विमान और पैराग्लाइडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। आदेश में कहा गया कि इसे ध्यान में रखते हुए, मुंबई पुलिस के अधिकार क्षेत्र में पुलिस की हवाई निगरानी या डीसीपी (संचालन) की विशेष अनुमति को छोड़कर ड्रोन, रिमोट-नियंत्रित विमान और पैराग्लाइडर की उड़ान गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। इसमें कहा गया कि उल्लंघन करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हत्याओं से दहला उल्हासनगर

## एक सप्ताह में तीन हत्याएं

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर में हाल के दिनों में मारपीट, लूटपाट, हत्या और गुंडागर्दी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सोमवार रात करीब 11:30 बजे कैंप नंबर-3, सी ब्लॉक स्थित सैन्चुरी कंपनी के मैदान में 4-5 लोगों के गिरोह ने अजय चौहान पर धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। इसके पहले रविवार को काजल पेट्रोल पंप पर खाने को लेकर हुए विवाद में राजा इब्राहिम शेख की उसके दोस्त ने पत्थर मारकर हत्या कर दी। इसी प्रकार, एक सप्ताह पूर्व कैंप 5 में पुरानी रंजिश के कारण एक कारोबारी की हत्या हुई थी। एक हफ्ते में तीन हत्याओं से नागरिकों में दहशत फैल गई है।



### केस फाइल

उल्हासनगर में अजय पन्नालाल चौहान (50) की हत्या के मामले में नए खुलासे हुए हैं। पुलिस के अनुसार, अजय का सोनी सिंह (बदला हुआ नाम) के साथ अवैध संबंध था, जिसको लेकर आरोपी दत्ता कासुंडे और अन्य आठ लोगों ने मिलकर तलवार और चाकू से हमला कर हत्या कर दी। अरविंद पन्नालाल चौहान की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# सलमान को धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार

## मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेगी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई/नोएडा

फिल्म अभिनेता सलमान खान और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 वर्षीय एक युवक को सेक्टर 92 से मंगलवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।
मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर आरोपित को लेकर गयी है। डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपित की पहचान बरेली निवासी मोहम्मद तैयब के रूप में हुई है।

### आखिर क्या था मकसद?

पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी कर रही है। फिल्म अभिनेता को धमकी देने की क्या वजह है। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। आखिर उसने धमकी क्यों दी। लॉरेंस विश्नोई से भी कनेक्शन की जांच की जा रही है। चर्चा है कि आरोपित का पंजाब के एक गिरोह से कनेक्शन होना सामने आया है।

### दिल्ली में चाचा के घर रहता है आरोपी



गिरफ्त में आया आरोपित वर्तमान में दिल्ली कर्दम पुरी ज्योति पूरी में अपने चाचा के पास रह रहा है और कारपेंटर का काम करता है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपित सेक्टर 92 स्थित एक कोठी में पेंटर का काम कर रहा था। गिरफ्तारी के कुछ देर पहले मुंबई पुलिस ने आरोपित की नोएडा पुलिस को जानकारी दी। मुंबई पुलिस और सेक्टर 39 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### दाऊद का गुणगान करने वाले के बाद अब पेंटर के नोएडा से जुड़े तार

बीते दिनों ही सोशल मीडिया पर कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का गुणगान करने वाले आरोपी के खिलाफ फेज वन थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया था और केस दर्ज करने के कुछ ही घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। उस मामले में भी आरोपी ने सोशल मीडिया पर बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद दाऊद इब्राहिम का गुणगान करते हुए पोस्ट डाली थी।

### मुंबई पुलिस के कंट्रोल रुम पर किया था टेक्स्ट मैसेज

आरोपित ने मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर पर टैक्स्ट मैसेज किया था। 'सलमान खान को नहीं छोड़ेंगे, जल्द बुरा होगा'। मुंबई पुलिस ने सर्विलांस से लोकेशन निकाली तो आरोपित की लोकेशन नोएडा में मिली।

# कस्टम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 1.39 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया, दो गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर के लगभग 1.39 करोड़ रुपए मूल्य का कुल 1.915 किलोग्राम सोना जब्त किया। बरामद किया गया सोना मोम, इनरवियर, मोजे आदि में छिपाया गया था। इस मामले में कस्टम की टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक एयरपोर्ट का कर्मचारी है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

### दो अलग-अलग मामलों में 1.915 किलोग्राम सोना जब्त

कस्टम सूत्र ने मंगलवार को बताया कि कस्टम ने 28-29 अक्टूबर को सोने की तस्करी के विरुद्ध चलाए गए विशेष मुहिम में दो अलग-अलग मामलों में लगभग 1.39 करोड़ रुपएमूल्य का कुल 1.915 किलोग्राम सोना जब्त किया है। पहले मामले में कस्टम अधिकारियों ने एक एयरपोर्ट के कर्मचारी को पकड़कर उसकी तलाशी ली। कर्मचारी ने सोना अपने मोजे में चालाकी से छिपाया था और उसके कमर के चारों ओर उसके इनरवियर के नीचे भी सोना बांधा गया था। कस्टम ने सोना बरामद कर एयरपोर्ट कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी घटना में, सीमा शुल्क अधिकारियों ने दुबई से आने वाले एक यात्री को रोका, जो अपने शरीर के गुहा के भीतर छुपाए गए सोने की धूल के चार टुकड़े ले जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि तस्करी किए गए सोने का कुल वजन 688 ग्राम था, जिसकी अनुमानित कीमत 47.57 लाख रुपएहै। कस्टम ने दुबई से आने वाले यात्री को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों मामलों की गहन छानबीन जारी है।

# अंधेरी आरटीओ के पास अज्ञात लोगों ने काट दिए सुपारी के 63 पेड़, पुलिस जांच में जुटी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई में बढ़ते तापमान और प्रदूषण नियंत्रण के लिए मुंबई महानगरपालिका विभिन्न उपाय योजनाओं पर काम कर रही है। इसमें वृक्षा रोपण महत्वपूर्ण है। शहर में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध है। लेकिन इसके बावजूद अंधेरी आरटीओ जंक्शन के पास डेढ़ वर्ष पहले लगाए गए 63 सुपारी के पेड़ किसी ने काट दिया। पेड़ काटने से खफा स्थानीय समाजसेवकों ने मनपा में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद मनपा की ओर से पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसकी जांच चल रही है। आरटीओ जंक्शन के पास डिवाइडर के बीच डेढ़ वर्ष पहले करीब 400 पेड़ लगाए गए थे। उसमें से 63 पेड़ किसी ने काट दिए। काटे गए पेड़ों की ऊंचाई 10 से 15 फीट से ज्यादा थी। मनपा की ओर से डिवाइडर का सौंदर्यीकरण करते हुए छोटे पौधे भी लगाए गएहैं। इन पौधों की हरियाली बरकरार रखने के लिए अंधेरी 'के पश्चिम'मनपा विभाग द्वारा वहां रोजाना सिंचाई की जाती है। समाजसेवक एवं स्थानीय निवासी ज्ञान चड्ढा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को मिलजुलकर वृक्षारोपण करना चाहिए। अंधेरी आरटीओ जंक्शन पर लगे सुपारी के पेड़ोंको अज्ञात लोगों ने काट दिया है। इसलिए पेड़ काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे पहले घाटकोपर पूर्वी एक्सप्रेस हाइवे पर 41 पेड़ काट दिए गए थे। उस मामले में भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मनपा 'के वेस्ट' के उद्यान अधिकारी ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले सुपारी के पेड़ लगाए गए थे। पेड़ बड़े हो गए थे लेकिन किसी ने उन्हें काट दिया। हमने पिछले सप्ताह अंबोली पुलिस स्टेशन में पेड़ काटे जाने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## आध्यात्मिक

उपचार



निशांत के. शर्मा
न्यूमरोलॉजर, एस्ट्रोलॉजर, औरा एक्सपर्ट एंड वास्तु कंसल्टंट
मो. : 9305793058

### श्री यंत्र की स्थापना

दीपोत्सव में लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। श्रीश्रीयंत्र लक्ष्मी को आकर्षित करने वाला शक्तिशाली यंत्र है। श्रीयंत्र के प्रभाव से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

महालक्ष्मी की कृपा प्राप्ति के लिए श्रीयंत्र की पूजा प्रभावशाली होती है। इस यंत्र की पूजा करने से समृद्दि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। श्रीयंत्र को घर, ऑफिस में बने पूजा स्थान पर रख सकते हैं तथा प्रतिदिन इसके सम्मुख धूप, दीप एवं मंत्र जाप करने से समृद्धि वैभव, सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

# गठबंधन एक, उम्मीदवार अनेक

## बागियों ने इन सीटों पर महायुति और MVA दोनों की बढ़ाई टेंशन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा के लिए नामांकन दाखिल करने की अवधि समाप्त होने के बाद महायुती और महाविकास आघाडी दोनों गठबंधन में बड़े तौर पर बगावती सुर नजर आ रहे है। बागियों को शांत करने के लिए दोनों अलायन्स के नेताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। 4 नवंबर तक नामांकन वापस लेने की अवधि बची हुई है। लेकिन बगावत बढ़ते ही जा रहे हैं।

## महायुति में कौन सी सीटों पर दिख रहा है बागी सुर?



### बोरिवली चुनाव क्षेत्र

- **भाजपा** – संजय उपाध्याय
- **शिवसेना** (UBT) – संजय भोसले
- **निर्दलीय** – गोपाल शेट्टी (दो बार बीजेपी के टिकट से सांसद रह चुके हैं, लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। विधानसभा लड़ना चाह रहे थे, लेकिन पार्टी ने मौका नहीं दिया तो वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं)

### उमरेड चुनाव क्षेत्र

- **भाजपा** – सुधीर पारवे
- **कांग्रेस** – संजय मेश्राम
- **निर्दलीय** – राजू पारवे (पारवे शिंदे की शिवसेना के नेता हैं। 2019 में कांग्रेस के टिकट पर चुनकर आए थे। लोकसभा से पहले शिवसेना ज्वाइन कर ली। रामटेक से लोकसभा हारने के बाद विधानसभा लड़ना चाहते थे, लेकीन पार्टी ने टिकट नहीं दिया, तो निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं)



### चिंचवड चुनाव क्षेत्र

- **भाजपा** – शंकर जगताप
- **राष्ट्रवादी** (SP)–राहुल कलाटे
- **निर्दलीय** – नाना काटे (अजित पवार के पार्टी के नेता हैं नाना काटे। चिंचवड से राष्ट्रवादी के टिकट पर उपचुनाव लड़े थे। लेकिन हार गए। बाद मे अजित पवार की पार्टी से ही चिंचवड से लड़ना चाहते थे। लेकिन पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो फिर निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं)

### मानखुर्द-शिवाजीनगर

- **शिवसेना (शिंदे)** – सुरेश (बुलेट) पाटील
- **समाजवादी पार्टी** – अबू आसिम आज़मी
- **निर्दलीय** – नवाब मलिक (नवाब मलिक मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में थे। मेडिकल ग्राऊंड पर उन्हें बेल मिली है। वह अनुशक्तीनगर से विधायक हैं। वहां से अब उनकी बेटी सना चुनाव लड़ रही हैं। नवाब मलिक मानखुर्द से लड़ना चाहते थे। लेकिन, बीजेपी ने उनके अजित पवार के साथ होने पर ऑब्जेक्शन किया था। फिर भी वह पार्टी से जुड़े हैं और अब निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं)

### अंधेरी पूर्व

- **शिवसेना (शिंदे)** – मुरजी पटेल
- **शिवसेना** (UBT)–ऋतुजा लटके
- **निर्दलीय** – स्वीकृती शर्मा (पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की पत्नी हैं। हाल ही में उन्होंने शिंदे की शिवसेना में प्रवेश किया था। अंधेरी पूर्व से चुनाव लड़ना चाहती थी। यहां पर पिछले चुनाव में प्रदीप शर्मा भी लड़ चुके हैं। लेकिन पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं)

## महाविकास आघाडी में कहां कहां पर बागियों ने उलझन पैदा की?

### पंढरपूर

- **भाजपा**– समाधान आवताडे
- **राष्ट्रवादी** (SP)–अनिल सावंत
- **कांग्रेस** – भगीरथ भालके (भगीरथ दिवंगत कांग्रेस विधायक भारत भालके के बेटे हैं। भारत भालके के निधन के बाद वहां उपचुनाव हुए तब उन्होंने राष्ट्रवादी के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकीन वह हार गए। बाद मे वह बीआरएस पार्टी से जुड़ गए थे। अब इलेक्शन मे शरद पवार की पार्टी ने उन्हें कोई भाव नहीं दिया तो उन्हे कांग्रेस की ओर से चुनाव में उतारा गया है)

### परंडा

- शिवसेना (शिंदे)–तानाजी सावंत
- शिवसेना (UBT)–रणजीत पाटील
- राष्ट्रवादी (SP)–राहुल मोटे (राहुल मोटे यहां के पूर्व विधायक हैं। 2019 में यहां से तानाजी सावंत चुनकर आए। वह मंत्री भी हैं। इस बार यह सीट राष्ट्रवादी को लड़ानी थी। लेकिन मौजूदा विधायक शिवसेना का होने की वजह से UBT ने सीट छोडने से इंकार किया। अब UBT और शरद पवार की पार्टी के दोनों नेता चुनाव के मैदान में हैं)

### सोलापूर दक्षिण

- भाजपा – सुभाष देशमुख
- शिवसेना (UBT)–अमर पाटील
- निर्दलीय – दिलीप माने (दिलीप माने कांग्रेस के नेता हैं। उन्हें पार्टी की ओर से चुनाव लड़ना था। लेकिन आखिरी वक्त तक उन्हें एबी फॉर्म नहीं मिला, तो दिलीप माने अब निर्दलीय के तौर पर चुनाव के मैदान में हैं)

### काटोल

- राष्ट्रवादी (SP)–सलील देशमुख
- भाजपा – चरणसिंह ठाकुर
- राष्ट्रवादी (AP)–नरेश अरसडे (काटोल की सीट एनसीपी की है। यहां से पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख विधायक हैं। अब इस जगह पर उनके बेटे सलील देशमुख चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन अजित पवार अब यह सीट नहीं छोड़ना चाहते। और बीजेपी भी अपने स्टैंड पर कायम है। तो अजित पवार और बीजेपी दोनों के उम्मीदवार मैदान में है)

# महायुति सरकार विपक्ष के खिलाफ पुलिस का इस्तेमाल कर रही : राउत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ 'महायुति' पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले विपक्षी उम्मीदवारों के खिलाफ महायुति' पुलिस तंत्र का इस्तेमाल कर रही है। यह आरोप लगाते हुए उन्होंने राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला को हटाए जाने की मांग भी की। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, महा विकास आघाडी(एमवीए) उम्मीदवारों पर हमले कर रही है, उन्हें धमकियां दे रही है और उन्हें डराने के लिए पुलिस दबाव का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महायुति को राज्य में होने वाले चुनाव में हारने का डर है, इसलिए वह ऐसे कार्य कर रही है।

### डीजीपी को पद से हटाने की मांग

अपने आरोपों को लेकर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नासिक के मालेगांव बाह्य निर्वाचन क्षेत्र में शिवसेना-यूबीटी नेता अद्वय हिरे पर कथित तौर पर शिवसेना मंत्री एवं उम्मीदवार दादा भूसे के गुंडों ने हमला किया। पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा, ''पुलिस ने अब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। यह केवल मालेगांव बाह्य तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने (सत्तारूढ़ महायुति ने) हमले करने के लिए पुलिस तंत्र का इस्तेमाल किया है।" उन्होंने कहा कि यही कारण है कि विपक्ष ने आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को डीजीपी के पद से हटाने की मांग की है।

वहीं, सीटों को लेकर एमवीए सहयोगियों द्वारा किए जा रहे अलग-अलग दावों पर राउत ने कहा कि मिराज और सोलापुर दक्षिण की सीट पर शिवसेना (यूबीटी) चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी ने उन सीट से नामांकन दाखिल किए हैं जिनमें शिवसेना (यूबीटी) ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। राउत ने कहा कि उनकी पार्टी रायगढ़ में 'पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी' (पीडब्ल्यूपी) को दो-तीन सीट देने के लिए भी तैयार है।

## बांद्रा टर्मिनस भगदड़ मामले की जांच शुरू

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

रेलवे पुलिस ने पश्चिमी रेलवे के बांद्रा टर्मिनस पर एक दिन पहले हुई भगदड़ की जांच शुरू कर दी है। भगदड़ रविवार तड़के 2:45 बजे हुई, जब लोगों ने बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस पर चढ़ने की कोशिश की। टर्मिनस उन हजारों यात्रियों से खचाखच भरा हुआ था। रेलवे पुलिस डीसीपी मनोज पाटिल ने कहा, हमने घटना की जांच शुरू कर दी है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों की पहचान इंद्रजीत सहनी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) के तौर पर हुई है।

## CEC राजीव कुमार की महाराष्ट्र के DGP को फटकार

- राजनीति से प्रेरित अपराध पर तेजी से एक्शन लेने का आदेश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग काफी सख्त है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को महाराष्ट्र के डीजीपी को आदेश दिया कि वह राजनीतिक अपराध के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई करें। आयुक्त ने कहा कि ऐसे अपराध चुनावी माहौल को खराब करते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने मंगलवार को झारखंड, महाराष्ट्र और उनके सीमावर्ती राज्यों के मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि राजनीति से प्रेरित अपराधों पर लगाम लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर और उधना से छपरा के बीच अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर तथा उधना से छपरा के बीच विशेष किराये पर अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 05030/05029 बांद्रा टर्मिनस – गोरखपुर (अनारक्षित) स्पेशल [08 फेरे] चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 05030 बांद्रा टर्मिनस– गोरखपुर स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 07.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 31 अक्टूबर और 4, 8 और 12 नवंबर, 2024 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 05029 गोरखपुर– बांद्रा टर्मिनस स्पेशल गोरखपुर से 19.00 बजे प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन 05.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 2, 6 और 10 नवंबर, 2024 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 05022 उधना-छपरा (अनारक्षित) स्पेशल ट्रेन (01 फेरा), ट्रेन संख्या 05022 उधना-छपरा अनारक्षित स्पेशल बुधवार, 30 अक्टूबर, 2024 को 20.00 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 07.30 बजे छपरा पहुंचेगी। यह ट्रेन सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, बदांयू, बरेली, पीलीभीत, मल्हौर, लखीमपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर और सीवान स्टेशनों पर रुकेगी।

## शिवडी में MNS के बाला नांदगांवकर का समर्थन करेगी महायुति

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का मंच तैयार हो चुका है। नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन था। सभी पार्टियों और गठबंधनों ने अपने-अपने सेनापतियों को रणभूमि में तैनात कर दिया है। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी में सीट बंटवारे की रस्साकशी अंतिम समय तक चली। बावजूद इसके कई सीटों पर विवाद अब भी जारी है। कुछ सीटों पर गठबंधनों के दो या सभी दलों ने फ्रेंडली फाइट के नाम पर अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिए है। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। मुंबई की शिवडी विधानसभा सीट पर महायुति के किसी भी दल ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। यह सीट ठाकरे परिवार के वर्चस्व वाली सीट मानी जाती है। यहां उद्धव ठाकरे के साथ-साथ राज ठाकरे की भी अच्छी पकड़ है। ऐसे में इस बार महायुति ने राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के उम्मीदवार को समर्थन करने का फैसला लिया है।

### बाला नांदगांवकर का समर्थन करेगी बीजेपी

शिवडी विधानसभा सीट से राज ठाकरे की मनसे ने बाला नांदगांवकर को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी इस सीट पर बाला नांदगांवकर का समर्थन करेगी। इस वजह से शिवसेना का गढ़ होने के बावजूद एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने यहां से उम्मीदवार नहीं उतारा है।

### उद्धव गुट ने अजय चौधरी को बनाया उम्मीवार

वहीं महाविकास अघाड़ी में शामिल उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने शिवडी विधानसभा सीट से मौजूद विधायक अजय चौधरी को एक बार फिर से टिकट दिया है। अजय चौधरी 2014 से यहां के विधायक है।

## डीबीडी स्पेशल

# विदर्भ की ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला

**62**
**कुल सीटों में से आधी पर है कांग्रेस का कब्जा**

**क्षेत्रीय पार्टियों की नहीं है कोई भूमिका**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सभी की नजर विदर्भ पर है। विदर्भ में क्षेत्रीय पार्टियों की बहुत ज्यादा भूमिका नहीं है। इस क्षेत्र में विधानसभा की 62 सीटें हैं और इनमें से ज्यादातर पर कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला होता है। ऐसे में दोनों पार्टियों के सामने बेहतर प्रदर्शन की चुनौती है।



### सीधे मुकाबले में कांग्रेस को घाटा

हरियाणा सहित पिछले कई दूसरे चुनावों में जिन सीटों पर कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला हुआ है, वहां कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में कांग्रेस के सामने अपना प्रदर्शन सुधारने की बड़ी चुनौती है। तो वहीं, भाजपा के सामने भी ज्यादा सीट जीतने की चुनौती होगी।

### विदर्भ की अहम भूमिका

प्रदेश की राजनीति में विदर्भ की अहम भूमिका है। नागपुर स्थित आरएसएस का मुख्यालय इसी क्षेत्र में आता है। क्षेत्र में कांग्रेस की जड़ें भी काफी मजबूत हैं। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव प्रचार में कांग्रेस और भाजपा दोनों पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस के लिए यह क्षेत्र कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अक्तूबर की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्धा और वाशिम के दौरे किए। वहीं, चुनाव तैयारियों के आकलन के लिए होने वाली कांग्रेस की बैठक में वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने विदर्भ का उल्लेख किया है। 2019 के चुनाव में विदर्भ की 62 सीटों में कांग्रेस को 29, भाजपा को 15, शिवसेना को चार, एनसीपी (शरद गुट) को पांच और शिवसेना (यूबीटी) को आठ व एक सीट अन्य के हिस्से में आई थी। हालांकि, उस चुनाव में एनसीपी और शिवसेना का विभाजन नहीं हुआ था।

### पिछड़ा वर्ग अहम

विदर्भ में ओबीसी राजनीति का भी काफी असर रहा है। क्षेत्र में दो प्रमुख समुदाय कुनबी और तेली है। दोनों ओबीसी में आते हैं। इसलिए, कांग्रेस खुलकर जाति जनगणना कराने और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की वकालत कर रही है। पार्टी चुनाव में इन मुद्दों के आधार पर वोट मांगेगी। कांग्रेस की अगुआई वाला महाविकास अघाड़ी ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं की बदौलत जीत की दहलीज तक पहुंचना चाहती है, तो वहीं भाजपा की नजर तेली और बंजारा सहित कई छोटे समुदायों पर है। भाजपा इनको इकट्ठा कर जीत का समीकरण बना रही है।

## शिवसेना उम्मीदवार शाइना एनसी ने मुंबा देवी मंदिर में की पूजा



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

आगामी महाराष्ट्र चुनावों के लिए गठबंधन उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने के बाद, शिवसेना नेता शाइना एनसी ने मंगलवार को मुंबई में मुंबा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुंबा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बात करते हुए, शिवसेना नेता शाइना एनसी ने उम्मीद जताई कि मुंबईकर महायुति सरकार को एक और मौका देंगे। लड़कियों व महिलाओं के लिए अपनी खास योजना हर घर तक पहुँच गई है और वे सभी महिलाएँ एक महिला उम्मीदवार का समर्थन करेंगी। इससे पहले मंगलवार को, शिंदे गुट की शिवसेना नेता शाइना एनसी ने आगामी महाराष्ट्र चुनावों के लिए मुंबा देवी से गठबंधन उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महायुति नेतृत्व का आभार व्यक्त किया था।


## पश्चिम रेलवे त्योहार विशेष ट्रेनें चलाएगी

| ट्रेन नं. | आरंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तारीखें | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 05022 | उधना छपरा (अनारक्षित) | 30.10.2024 | 20.00 बजे (बुधवार) | 07:30 बजे (शुक्रवार) |
| **हॉल्टः** सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, बदांयू, बरेली, पीलीभीत, मल्हौर, लखीमपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर और सीवान स्टेशन। | | | | |
| **रचनाः** सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |
| 05030 | बांद्रा टर्मिनस – गोरखपुर (अनारक्षित) | 31 अक्टूबर 2024, 04, 08 और 12 नवंबर 2024 | 07:10 बजे. | 16:15 बजे. (अगले दिन) |
| 05029 | गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस (अनारक्षित) | 02, 06 और 10 नवंबर 2024 | 19:00 बजे. | 05:00 बजे. (दूसरा दिन) |
| हॉल्टः दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन. | | | | |
| **रचनाः** सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच. | | | | |

समय, ठहराव के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
लाइक करें : facebook.com/WesternRly
फॉलो करें : X.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण कृपया साथ लेकर चलें


संपादकीय

# ऑनलाइन फरेब

ऑनलाइन फरेब की दुनिया में हाल ही में नया शब्द जुड़ा है डिजिटल गिरफ्तारी। पहली नजर में विज्ञान कथा जैसा लगने वाला शब्द फिलहाल वास्तविक जीवन के लिये खतरा बनता जा रहा है। वे सरकारी आंकड़े डराने वाले हैं कि इस साल की पहली तिमाही में नागरिकों से इस धोखाधड़ी के जरिये एक अरब बीस करोड़ की ऑनलाइन लूट हुई। बीते रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इस संकट का जिक्र करने के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श में आ गया। उन्होंने देशवासियों से इस भय से मुक्त होने का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इससे बचने के लिये सजगता का मंत्र अपनाना है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं। साथ ही कहा कि सरकारी एजेंसियां कभी व्हाट्स ऐप या स्काइप आदि माध्यमों के जरिये नागरिकों से संवाद नहीं करती हैं। ये एजेंसिया कभी भी पैसे की मांग नहीं करती हैं। तेजी से पनप रहे इस संकट से बचने के लिये उन्होंने मंत्र दिया कि रुको, सोचो और एक्शन लो। दरअसल, भयादोहन करके लोगों को लूटने वाले व्हाट्स ऐप आदि से कॉल करके डराते हैं कि वे पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स विभाग से बोल रहे हैं। कभी कहा जाता है कि पकड़ी गई नशे की खेप में उनकी भूमिका है। कहा जाता है कि ड्रग्स वाले पार्सल जब्त होने के बाद यह सूचना दी जा रही है। उनसे कहा जाता है कि या तो वे मोटी रकम जमा करें या फिर परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। दरअसल, ये शातिर अपराधी यह दावा करते हैं कि ठगे जाने वाले व्यक्ति के बारे में वे बहुत कुछ जानते हैं। भय व अज्ञान के कारण बहुत सारे भोले-भाले लोग उनके बिछाए जाल में फंसकर मोटी रकम चुका देते हैं। यह विडंबना ही है कि नागरिकों को डिजिटली सशक्त करने के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने सफलता तो पाई लेकिन लोगों को साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील भी बना दिया। कुछ महीने पहले एक बेहद चौंकाने वाला डिजिटल अरेस्ट का घटनाक्रम सामने आया। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह ने पद्मभूषण से सम्मानित और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये की ठगी की थी। उन्हें दो दिनों तक डिजिटल भयचक्र में रखा गया। उन्हें किसी को फोन करने या संदेश भेजने से रोका गया। इतना ही नहीं जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिये सुप्रीम कोर्ट की फर्जी सुनवाई आयोजित की। कल्पना कीजिए इतने प्रभावशाली व्यक्ति को जब साइबर अपराधियों ने असहाय बना दिया, तो आम आदमी की क्या गति होगी? निस्संदेह, इससे बचने के लिये लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर उन बुजुर्गों को जो ऑनलाइन व्यवहार के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं हैं। हालांकि, साइबर अपराधी नित नये धोखाधड़ी के हथकंडे अपना रहे हैं,लेकिन फिर भी जागरूकता बेहद जरूरी है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता, सजगता व तत्परता से ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसना होगा। नागरिक अनजान लोगों के फोन कॉल,ई-मेल या संदेश के प्रति सचेत रहें। उन्हें धैर्य के साथ सोचना होगा कि जिस कथित काल्पनिक अपराध के लिये उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है क्या उससे वास्तव में उनका कोई लेना -देना है? यूं तो भय-आशंका का काल्पनिक चित्रण करके साइबर अपराधी लोगों की सोचने-समझने की क्षमता पर प्रहार करते हैं। यदि अपराधी भयाक्रांत करते हैं तो घबराना नहीं चाहिए। किसी अपराधी को पैसे ट्रांसफर करने से पहले, इस बारे में परिवार के लोगों, मित्रों व पुलिस को सूचित करना चाहिए। लोगों को अपराधियों के संदेश का स्क्रीन शॉट लेना चाहिए, फोन कॉल रिकॉर्ड आदि सबूत सुरक्षित रखने चाहिए। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करें व स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

शख्सियत | होमी जे. भाभा

## भारतीय परमाणु विज्ञान के अग्रदूत



होमी जहांगीर भाभा, जिनका जन्म 30 अक्टूबर, 1909 को मुंबई, भारत में हुआ था, एक प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी थे जिन्हें अक्सर भारत के परमाणु कार्यक्रम के जनक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के कैथेड्रल और जॉन कॉनन स्कूल में प्राप्त की और बाद में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (**MIT**) में अध्ययन किया, जहाँ उन्होंने 1930 में स्नातक की डिग्री और 1934 में परमाणु भौतिकी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

भाभा ने अपना करियर यूरोप में शुरू किया, जहां उन्होंने नील्स बोहर और पॉल डिराक जैसे प्रमुख भौतिकविदों के अधीन काम किया।

कॉस्मिक किरणों और उच्च-ऊर्जा कणों की परस्पर क्रिया में उनके अभूतपूर्व कार्य ने उन्हें इस क्षेत्र में एक अग्रणी व्यक्ति के रूप में स्थापित किया। 1940 में, वे भारत लौट आए, जहां उन्होंने परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1945 में, उन्होंने मुंबई में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो परमाणु विज्ञान में उन्नत अनुसंधान का केंद्र बन गया। भाभा ने एक स्वतंत्र भारतीय परमाणु कार्यक्रम की कल्पना की और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु प्रौद्योगिकी विकसित करने के प्रयासों का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप 1948 में भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना हुई, जिसके पहले अध्यक्ष भाभा थे। इस क्षेत्र में भाभा के महत्वपूर्ण योगदानों में पहला भारतीय परमाणु रिएक्टर, अप्सरा का विकास शामिल है, जो 1956 में महत्वपूर्ण हो गया, और परमाणु विज्ञान को समर्पित विभिन्न शोध संस्थानों की स्थापना।

उन्होंने भारत में आर्थिक विकास और ऊर्जा स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के साधन के रूप में परमाणु ऊर्जा के उपयोग की वकालत की। दुख की बात है कि होमी भाभा का जीवन 24 जनवरी, 1966 को आल्प्स के ऊपर एक विमान दुर्घटना में समाप्त हो गया। हालाँकि, उनकी विरासत भारत के वैज्ञानिक परिदृश्य को प्रभावित करती रही है। भाभा की दूरदर्शिता और अग्रणी भावना ने परमाणु प्रौद्योगिकी में भारत की उन्नति के लिए आधार तैयार किया, जिससे वे देश के वैज्ञानिक समुदाय में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति और वैज्ञानिक उत्कृष्टता के प्रतीक बन गए।

# सिनवार के खात्मे पर भी न थमा गाज़ा युद्ध

इस्राइली लोग हमास नेता याह्या सिनवार की मौत का जश्न मना रहे हैं, वह व्यक्ति जिसके बारे में उनका मत है कि 'होलोकॉस्ट' के बाद हुए सबसे भयानक यहूदी नरसंहार के लिए वह जिम्मेदार था, वैसे उन्हें यह भी भान है कि उसकी मौत का मतलब फलस्तीनियों के साथ झगड़े का अंत नहीं है। सालों से, इस्राइलियों को इस बात की शिकायत रही है कि फलस्तीनी परिवार किसी आतंकवादी हमले में मारे गए प्रत्येक यहूदी की मौत पर खुशी का इज़हार सड़कों पर मिठाई बांटकर करते आए हैं। इन जश्नों का उदाहरण देकर निंदा किया करते थे कि कैसे अरबी लोग अपने यहूदी पड़ोसियों के विरुद्ध आतंकवाद और हिंसा का महिमामंडन करते हैं।

विडंबना यह है कि आज कई इस्राइली स्वयं उसी तरीके का समर्थन कर रहे हैं जिससे वे कभी नफरत किया करते थे। पिछले साल अक्तूबर माह में हमास के नेतृत्व में हुए आक्रमण के बाद, जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए और घायल हुए, अब जब कभी हमास का कोई बड़ा नेता मारा जाता है तो बड़ी संख्या में इस्राइली भी अपनी खुशी का इज़हार करने से खुद को रोक पाना मुश्किल पाते हैं। यह ठीक है कि इस्राइलियों द्वारा मिठाई बांटने और खुश होकर एक-दूसरे को बधाई देने के दृश्य टीवी टॉक शो और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर खूब चले। इसलिए 17 अक्तूबर को कोई आश्चर्य नहीं था, जब तेल अवीव के सबसे बड़े समुद्र तटों में से एक पर, जब एक लाइफगार्ड ने अपने लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर यह खबर सुनाई कि 'कट्टर आतंकवादी याह्या सिनवार को मार गिराया गया है', तो बिकनी पहने तैराक और धूप स्नान करने वालों ने अपनी प्रतिक्रिया ताली बजाकर, जयकारे लगाकर और सीटियां बजाकर व्यक्त की। एक साल से अधिक समय में पहली बार, पूरा इस्राइल इस किस्म के हर्षोल्लास में डूबा, जो इससे पहले देखा नहीं गया। कुछ इस्राइली तो एक कदम आगे जाते हुए, सिनवार की मौत की तुलना नाज़ी कमांडर एडोल्फ इचमैन के पकड़े जाने के बाद, उसे फांसी पर चढ़ाये जाने से करने लगे। उसे अर्जेंटीना से अगवा कर इस्राइल लाया गया था, जहां पर 1962 में उस पर मुकदमा चला और मौत की सज़ा सुनाई गई। कुछ अन्य सिनवार की मौत की तुलना ओसामा बिन लादेन के पकड़े जाने और मार गिराए जाने से करने लगे, जिसका बिना निशानी वाला शव अमेरिकियों ने बीच समुद्र फेंक दिया था। इसलिए, तेल अवीव और यरुशलम में बैठे सरकारी अधिकारियों को सुझाव दिया जा रहा है कि सिनवार का शव भी या तो समुद्र के हवाले




किया जाए या किसी अज्ञात स्थान पर जलाकर नष्ट करें।

अपनी ओर से, इस्राइली सरकार ने सिनवार का शव गाज़ा के शहर रफ़ा के उपनगर ताल-अल-सुल्तान से हटाकर एक गुप्त स्थान पर रख दिया है, जब तक कि यह अंतिम निर्णय नहीं हो जाता कि उसके अवशेषों के साथ क्या किया जाए। हालांकि, सिनवार की मौत पर बना खुशी का माहौल 101 इस्राइली बंधकों के भाग्य को लेकर बनी चिंताओं से फीका पड़ गया है, जिनमें से कइयों के बारे में अनुमान है कि वे मर चुके हैं– जिन्हें अभी भी हमास और अन्य फलस्तीनी गुटों ने विभिन्न स्थानों पर अपनी कैद में रखा हुआ है या उन सामान्य, गैर-लड़ाकू परिवारों के साथ, जो किसी यहूदी बंधक को एक संपत्ति के रूप में लेते हैं।

इस्राइली सरकार के घोषित उद्देश्यों

**श्याम भाटिया**

में हमेशा से एक रहा है- इन तमाम बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना। इस्राइल और हमास के बीच हुए एक समझौते के तहत पिछले साल के अंत में इस्राइली जेलों में बंद सैकड़ों फ़लस्तीनियों के बदले 100 से ज़्यादा यहूदी बंधकों को छोड़ा गया था। तब से लेकर, केवल मुट्ठी भर बंधकों को ही -ज़िंदा या मुर्दा- इस्राइली कमांडो ऑपरेशन के ज़रिए बचाया जा सका है, जिसे इस्राइली लोग 'साहसिक' और 'वीरतापूर्ण' कमांडो ऑपरेशन बताते हैं।

सिनवार की मौत की पुष्टि करते वक्त इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बंधक बनाने वालों को एक दुर्लभ और अभूतपूर्व प्रस्ताव दिया, और कहा : 'यह युद्ध कल ही समाप्त हो सकता है यदि हमास अपने हथियार डाल दे और हमारे बंधक लौटा दे और इस्राइल उन सब की सुरक्षा की गारंटी देगा जो हमारे बंधक वापस करेगा'। नेतन्याहू की उक्त पेशकश से पता चलता है कि इस्राइली जनता अपने उन प्रियजनों के भाग्य को लेकर किस कदर निरंतर तड़प रही है, जो गाज़ा की सुरंगों में कहीं कैद हैं। उनकी रिहाई के बिना, उस लड़ाई का अंत नहीं हो सकता जो इस्राइल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाला युद्ध बन चुका है। फिर भी, यह उम्मीद कि हमास के बंदीकर्ता नेतन्याहू की पेशकश पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देंगे, पूरी नहीं हो पाई। इससे भी बदतर, सिनवार के डिप्टी खलील अल-हय्या अपने किसी अन्य लड़ाके सहयोगी की तर्ज पर अड़ियल साबित हुए हैं, उन्होंने इस्राइली जनता को एक टेलीविज़न संबोधन में कहा, 'जब तक गाज़ा पट्टी के खिलाफ इस्राइली आक्रमण रुक नहीं जाता, तब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा'।

हर सुबह, खुद को आईने में देखते हुए, इस्राइलियों के पास यह सोचने की हर वजह है कि उनके दुश्मन अभी भी उन्हें चिढ़ा रहे हैं, शायद बल्कि, इस मलाल के साथ हथेलियां मलते हुए कि कुछ समय के लिए सही, हमास ने अजेय कही जाने वाली महाशक्ति को अक्तूबर 2023 में अपने घुटनों पर ला दिया था।

जीवन मंत्र | पाउलो कोएल्हो

## डांसर-सा जीना

संगीत हमारे जीवन का एक हिस्सा है और नृत्य लय को अपने अंदर भरने का परिणाम। अब जब भी मुमकिन होता है, मैं डांस करता हूं। इसमें आध्यात्मिक दुनिया और वास्तविक दुनिया बिना किसी संघर्ष के साथ-साथ रहती है।

जब मैं किशोरावस्था में था, मेरी मंडली में कई शानदार डांसर थे। मुझे उनसे ईर्ष्या होती थी, हालांकि मैं यही जताता कि पार्टियों में करने को मेरे पास और भी जरूरी काम हैं, मसलन बातचीत। मगर सच यह है, मैं अपनी खिल्ली उड़ाए जाने से डरता था और इसी कारण डांस करने का जोखिम नहीं मोल लेना चाहता ।

एक दिन मार्सिया नाम की एक लड़की ने सबके सामने मुझे डांस करने का न्योता दे डाला! मैंने उससे कहा भी कि



मुझे डांस पसंद नहीं, मगर वह इसरार करती रही। मित्र-मंडली के सारे लोग हमें देख रहे थे और चूंकि मैं प्रेम में था, उसे ज्यादा मना न कर सका। प्यार बहुत कुछ कराने में सक्षम है!


मुझे बिल्कुल मालूम न था कि कदमताल कैसे करना है, मगर मार्सिया डांस करती रही। वह यूं नाचती रही, जैसे मैं रुडोल्फ नुरेयेव (सुप्रसिद्ध बैले डांसर) हूं। मार्सिया को समझते देर न लगी, उसने मेरे कान में कहा, दूसरों को भूल जाओ, बस बास पर ध्यान दो। उसकी लय को पकड़ने की कोशिश करो। उस पल मुझे समझ में आया कि हमेशा सबसे अहम चीजें हमें सीखनी नहीं पड़तीं; वे पहले से ही हमारे स्वभाव का हिस्सा होती हैं। जब हम वयस्क या बूढे.हो जाते हैं, तो हमें डांस करने की जरूरत पड़ती रहती है। संगीत हमारे जीवन का एक हिस्सा है और नृत्य लय को अपने अंदर भरने का परिणाम। अब जब भी मुमकिन होता है, मैं डांस करता हूं। इसमें आध्यात्मिक दुनिया और वास्तविक दुनिया बिना किसी संघर्ष के साथ-साथ रहती है। मुझसे किसी ने एक बार कहा था, क्लासिक बैले डांसर हमेशा पंजों के बल पर होते हैं, क्योंकि वे एक ही वक्त में धरती और आकाश, दोनों को छू रहे होते हैं!

जीवन ऊर्जा | रिचर्ड ब्रिंसले शेरिडन : जन्म-30 अक्टूबर, 1751 | जन्म

## सफलता सबसे अच्छा बदला है

रिचर्ड ब्रिंसले शेरिडन, जिनका जन्म 30 अक्टूबर, 1751 को हुआ था और जिनकी मृत्यु 7 जुलाई, 1816 को हुई थी, एक प्रभावशाली आयरिश नाटककार, कवि और राजनीतिज्ञ थे, जो ɸद राइवल्सɸ और ɸद स्कूल फॉर स्कैंडलɸ सहित अपनी हास्य कृतियों के लिए प्रसिद्ध थे। व्हिग पार्टी में एक प्रमुख व्यक्ति, उन्होंने साहित्य और राजनीति दोनों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संसद सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

एक दोस्त बनाने का एकमात्र तरीका है दोस्त बनना। एक मजाकिया कहावत कुछ भी साबित नहीं करती। अराजकता से बड़ी कोई बुराई नहीं है। मन एक महान खजाना है; यह मन की संपत्ति है जो दुनिया को समृद्ध करती है। सफलता सबसे अच्छा बदला है। सत्य को स्वीकार करने में सक्षम होना एक अच्छे दिमाग की निशानी है। जो पतवार से शासित नहीं होगा, उसे चट्टान से शासित होना चाहिए। लोगों की शक्ति सत्ता में लोगों से अधिक है एक मजाक अक्सर महत्वपूर्ण मामलों का फैसला करता है। बुद्धिमत्ता की ओर पहला कदम चीजों को उनके सही नामों से पुकारना है। जो नहीं जानता और यह नहीं जानता कि वह नहीं जानता है, वह मूर्ख है; उससे दूर रहो। दुनिया



उन लोगों के लिए एक कॉमेडी है जो सोचते हैं; उन लोगों के लिए एक त्रासदी है जो महसूस करते हैं। कोई योजना न होने से एक खराब योजना होना बेहतर है। चालाक होना अपने दोषों को छिपाने की कला है। जीवन एक मज़ाक है; हम सभी मंच पर अभिनेता हैं। एक महान नेता बनने के लिए, आपको एक महान सेवक होना चाहिए। सफलता का रहस्य यह है कि जब अवसर आए तो आप तैयार रहें। मनुष्य की आत्मा ही संसार का सार है। जो लोग अच्छा समय बिताना नहीं जानते, वे अच्छा समय बिताने के लायक नहीं हैं। शासन की महान कला लोगों को यह विश्वास दिलाना है कि वे स्वयं शासन कर रहे हैं। सच्ची बुद्धि लाभ के लिए तैयार की गई प्रकृति है। एक सफल अभिनेता बनने के लिए, आपको सुनने में सक्षम होना चाहिए। एक आदमी का मूल्य उसकी महत्वाकांक्षाओं के मूल्य से अधिक नहीं है। कुछ हद तक दर्द के बिना कोई खुशी नहीं है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# गुरुज्ञान का अथाह सागर हैं श्री कृष्ण

कभी सूरदास ने एक स्वप्न देखा था, कि रुक्मिणी और राधिका मिली हैं और एक दूजे पर निछावर हुई जा रही हैं। कैसा होगा वह क्षण जब दोनों ठकुरानियाँ मिली होंगी। दोनों ने प्रेम किया था। एक ने बालक कन्हैया से, दूसरे ने राजनीतिज्ञ कृष्ण से। एक को अपनी मनमोहक बातों के जाल में फँसा लेने वाला कन्हैया मिला था, और दूसरे को मिले थे सुदर्शन चक्र धारी, महायोद्धा कृष्ण। कृष्ण राधिका के बाल सखा थे, पर राधिका का दुर्भाग्य था कि उन्होंने कृष्ण को तात्कालिक विश्व की महाशक्ति बनते नहीं देखा। राधिका को न महाभारत के कुचक्र जाल को सुलझाते चतुर कृष्ण मिले, न पौंड्रक-शिशुपाल का वध करते बाहुबली कृष्ण मिले। रुक्मिणी कृष्ण की पत्नी थीं, महारानी थीं, पर उन्होंने कृष्ण की वह लीला नहीं देखी जिसके लिए विश्व कृष्ण को स्मरण रखता है। उन्होंने न माखन चोर को देखा, न गौ-चरवाहे को। उनके हिस्से में न बाँसुरी आयी, न माखन। कितनी अद्भुत लीला



है, राधिका के लिए कृष्ण कन्हैया था, रुक्मणी के लिए कन्हैया कृष्ण थे। पत्नी होने के बाद भी रुक्मणी को कृष्ण उतने नहीं मिले कि वे उन्हें ɸतुमɸ कह पातीं। आप से तुम तक की इस यात्रा को पूरा कर लेना ही प्रेम का चरम पा लेना है। रुक्मणी कभी यह यात्रा पूरी नहीं कर सकीं।

राधिका की यात्रा प्रारम्भ ही 'तुम' से हुई थीं। उन्होंने प्रारम्भ ही ɸचरमɸ से किया था। शायद तभी उन्हें कृष्ण नहीं मिले। कितना अजीब है न! कृष्ण जिसे नहीं मिले, युगों युगों से आजतक उसी के हैं, और जिसे मिले उसे मिले ही नहीं। तभी कृष्ण को पाने का प्रयास मत कीजिये। पाने का प्रयास कीजियेगा तो कभी नहीं मिलेंगे। बस प्रेम कर के छोड़ दीजिए, जीवन भर साथ निभाएंगे कृष्ण। कृष्ण इस सृष्टि के सबसे अच्छे मित्र हैं। राधिका हों या सुदामा, कृष्ण ने मित्रता निभाई तो ऐसी निभाई कि इतिहास बन गया।

राधा और रुक्मिणी जब मिली होंगी तो रुक्मिणी राधा के वस्त्रों में माखन की गंध ढूंढती होंगी, और राधा ने रुक्मिणी के आभूषणों में कृष्ण का बैभव तलाशा होगा। कौन जाने मिला भी या नहीं। सबकुछ कहाँ मिलता है मनुष्य को... कुछ न कुछ तो छूटता ही रहता है। जितनी चीज़ें कृष्ण से छूटीं उतनी तो किसी से नहीं छूटीं। कृष्ण से उनकी माँ छूटी, पिता छूटे, फिर जो नंद-यशोदा मिले वे भी छूटे। संगी-साथी छूटे। राधा छूटीं। गोकुल छूटा, फिर मथुरा छूटी। कृष्ण से जीवन भर कुछ न कुछ छूटता ही रहा। कृष्ण जीवन भर त्याग करते रहे। हमारी आज की पीढ़ी जो कुछ भी छूटने पर टूटने लगती है, उसे कृष्ण को गुरु बना लेना चाहिए। जो कृष्ण को समझ लेगा वह कभी अवसाद में नहीं जाएगा। कृष्ण आनंद के देवता है। कुछ छूटने पर भी कैसे खुश रहा जा सकता है, यह कृष्ण से अच्छा कोई सिखा ही नहीं सकता। गुरुज्ञान का अथाह सागर हैं श्री कृष्ण।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सक्सेस मंत्र

## गलती से सीख लेकर आगे बढ़ें मिलेगी सफलता

इंसान जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत मेहनत करता है। लेकिन जब वह सफल नहीं हो पता है तो निराश हो जाता है, मेहनत करना छोड़ देता है। इस बात को अगर दूसरे नजरिए से देखा जाए तो हमारे जीवन में आने वाली असफलताएं हमें तजुर्बा देती हैं और गलतियां करने से बचाती हैं। इसलिए इंसान को कभी मायूस नहीं होना चाहिए, उसे मेहनत करते रहना चाहिए। एक दिन ऐसा आएगा कि मेहनत का फल सफलता में बदल जाएगा। ऐसी ही कहानी है रोहित की। रोहित ने बड़े उत्साह से परीक्षा की तैयारी की। इसके बावजूद वह टॉप नहीं कर पाया और वह बहुत उदास व निराश रहने लगा। असफलता के गम में उसने पहले की तरह प्रयास करना छोड़ दिया। रोहित की इस परेशानी का पता जब उसके अध्यापक को पता लगा, जो उसके मार्गदर्शक थे तो उन्होंने एक दिन उसे अपने घर बुलाया। उन्होंने रोहित से परेशानी की वजह पूछी। रोहित ने उन्हें बताया की 'उसने दिन रात मेहनत की पर जैसा वो चाहता था वैसे नतीजे नहीं आए इसलिए वो हताश हो चुका है। रोहित की बात सुनने के बाद अध्यापक ने उसे अपने साथ बगीचे में चलने के लिए कहा। वो उसे टमाटर के पौधों के पास ले गए और बोले की इस टमाटर के इस खराब और मरे हुए पौधे को देखो।जब मैंने इस पौधे को बोया था तो मैंने इसे समय-समय पर सही मात्रा मे पानी दिया, खाद भी डाली और कीटनाशक का छिड़काव भी किया, पर फिर भी यह खराब हो गया। तो क्या?, रोहित बोला। इतनी सारी मेहनत, इतना पैसा और समय देने के बाद भी अगर जैसा रिजल्ट हम चाहते हैं वो न मिल पाए तो इतना सब कुछ करने से क्या फायदा है। इसी तरह तुमने मेहनत तो की पर टॉप नहीं कर पाए लेकिन इसका मतलब यह नहीं है की तुम्हारी दिन रात की मेहनत खराब गई और तुम असफल हो गए। परीक्षा देते समय कई चीजें मायने रखती हैं, जिसमें लिखने की स्पीड, तबीयत, मनोस्थिति और भी बहुत कुछ जो सिर्फ मेहनत का पैमाना नहीं है। जो तुमने सीखा वो जिंदगी के हर मोड़ पर काम आएगा । मेहनत करने के बावजूद मनचाहा न मिलने का मतलब यह नहीं है की आप असफल हो गए। इसका मतलब है की आपने सफलता तक पहुचने की एक और सीढ़ी चढ़ी है।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

न्यूज़ ब्रीफ

### राजस्थान के लक्ष्मणगढ़ में बस हादसे में 10 लोगों की मौत, कई घायल

**सीकर** । राजस्थान में बस हादसे को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ में एक बस पुलिया से टकरा गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पतालों में ले जाया गया है। हादसा लक्ष्मणगढ़ में पुलिया के नजदीक मंगलवार दोपहर दो बजे के करीब हुआ। सालासर की तरफ से लक्ष्मणगढ़ आ रही प्राइवेट बस पुलिया से जा टकराई।

### दहेज उत्पीड़न के मामलों की आई बाढ़, फर्जी भी लगते हैं आरोप

**नई दिल्ली**। दहेज उत्पीड़न के मामलों में अकसर बढ़ा-चढ़ाकर आरोप लगाए जाते हैं। इसलिए अदालतों को ऐसे मामलों की ढंग से पड़ताल करनी चाहिए क्योंकि पूरा परिवार अकसर इसकी सजा भुगतता है। उन्हें लंबी कानूनी प्रक्रिया के दौरान जेल में रहना पड़ जाता है। कई बार जो आरोप लगाए जाते हैं, उसके कोई सबूत तक नहीं होते, लेकिन उन्हें सजा मिलने लगती है। ऐसे ही एक मामले में महाराष्ट्र के एक शख्स को शीर्ष अदालत ने दहेज उत्पीड़न के आरोपों से बरी कर दिया। इस मामले में वह तीन सालों से जेल में था। इसके अलावा बीड़ में लैब असिस्टेंट के तौर पर वह जो नौकरी कर रहा था, वह भी चली गई थी। उसे दहेज उत्पीड़न केस में दोषी करार दिया गया तो 23 नवंबर, 2015 को उसकी नौकरी ही चली गई थी। ट्रायल कोर्ट की तरफ से शख्स को दोषी करार देने के आरोप को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके साथ ही जस्टिस सीटी रवि कुमार और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा, 'हमारी राय है कि अदालतों को ऐसे मामलों पर पूरी जांच करनी चाहिए। इससे पूरा परिवार झेलता है और बढ़ा-चढ़ाकर लगाए गए आरोपों के चलते उन्हें सजा काटनी पड़ती है। यहां तक कि जो आरोप उन पर लगते हैं, उसके कोई सबूत तक नहीं होते।'

### अमेरिकी चुनाव में गिरा सियासत का स्तर, एक-दूसरे पर जमकर कीचड़ उछाल रहे नेता

**नई दिल्ली**। अमेरिका के चुनाव में जितना ध्रुवीकरण मौजूदा चुनाव में दिख रहा है, इसके पहले कभी ऐसा नहीं देखा गया। दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के चुनाव अभियान में एक दूसरे के प्रति जैसी वैमनस्यता और घृणा इस बार दिख रही है वैसी पहले नहीं देखी गई। उम्मीदवार और उनके समर्थक एक दूसरे के खिलाफ आग उगल रहे हैं। मर्यादा की सारी गरिमाएं टूट रही हैं। पिछले 40 सालों से 10 में 9 अमरीका के चुनाव परिणामों का पूर्वानुमान सटीकता से लगाने वाले अमरीकन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एलन लिक्टमैन (Allan Lichtman) ने पिछले दिनों चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि इस बार के चुनाव में जैसी घृणा है, वैसे उन्होंने कभी नहीं देखी। दोनों उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी मंच से उनके समर्थक भी एक दूसरे पर तीखे प्रहार कर रहे हैं। रविवार को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन की रैली में ट्रंप (Donald Trump) ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सिर्फ चेहरा बताते हुए कहा कि उनके पीछे असल में बदमाश और घोर वामपंथी हैं।

# रोहिंग्या शरणार्थी बच्चों को स्कूल में प्रवेश देने की मांग करने वाली जनहित याचिका खारिज

## गृह मंत्रालय लेगा फैसला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को म्यांमार से आए रोहिंग्या शरणार्थी बच्चों को आधार कार्ड न होने के कारण स्कूल में प्रवेश न देने को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता एनजीओ को इस संबंध में गृह मंत्रालय (एमएचए) के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता को बिना आधार कार्ड के एमसीडी स्कूलों में रोहिंग्या बच्चों के प्रवेश के संबंध में गृह मंत्रालय के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सरकार को इस मुद्दे का यथासंभव शीघ्र समाधान करना चाहिए।




**असम में निष्कासन के लिए कानून है**

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, "मुद्दा यह है कि असम में निष्कासन के लिए कानून है और यहां आप उनके रहने की सुविधा दे रहे हैं। कृपया अपना पक्ष रखें और मामले में सरकार को फैसला करने दें। हम इसकी अनुमति नहीं दे सकते। किसी भी देश में कोई भी अदालत यह निर्धारित नहीं करती कि किसे नागरिकता दी जाए। जो आप सीधे नहीं कर सकते, उसे आप अप्रत्यक्ष रूप से करने का प्रयास कर रहे हैं। सबसे पहले, उचित अधिकारियों से संपर्क करें। आप इसके लिए अदालती प्रक्रिया का उपयोग नहीं कर सकते। उन्हें भारतीय के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए; हम यह जिम्मेदारी नहीं ले सकते। इस तथ्य को नज़रअंदाज़ न करें कि ये अंतरराष्ट्रीय मुद्दे हैं, न कि केवल राष्ट्रीय। इनके महत्वपूर्ण परिणाम हैं। राज्य में काफी उथल-पुथल रही है। याचिकाकर्ता को या तो गृह मंत्रालय या विदेश मंत्रालय से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि ये महत्वपूर्ण नीतिगत मामले हैं।"

हाल ही में दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा अपने स्कूलों में नामांकित म्यांमार रोहिंग्या शरणार्थी छात्रों को वैधानिक लाभ देने से इनकार करने की मनमानी और गैरकानूनी कार्रवाई की गई है। सोशल ज्यूरिस्ट नामक एक गैर सरकारी संगठन के माध्यम से याचिका दायर की गई कि यह आचरण इन बच्चों के लिए शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 21-ए के साथ-साथ बच्चों के नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 द्वारा गारंटीकृत है। यह प्रस्तुत किया गया कि एमसीडी स्कूल इस आधार पर बच्चों को प्रवेश देने से इनकार कर रहा है कि उनके पास आधार कार्ड, बैंक खाते और अन्य दस्तावेज नहीं हैं। इन लोगों के पास केवल यूएनएचआरसी द्वारा जारी शरणार्थी कार्ड ही मौजूद हैं। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि जब तक ये बच्चे भारत में रहते हैं, वे शिक्षा के मौलिक और मानवाधिकारों के हकदार हैं। जैसा कि भारत के संविधान और प्रासंगिक वैधानिक कानूनों द्वारा गारंटीकृत है। इसलिए, इस अधिकार से इनकार करना उनके मौलिक और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया कि यह सुनिश्चित करना शिक्षा निदेशालय और दिल्ली नगर निगम की जिम्मेदारी है कि 14 वर्ष से कम आयु के सभी छात्रों को श्री राम कॉलोनी, खजूरी चौक क्षेत्र में सरकारी या एमसीडी स्कूलों में दाखिला मिले, क्योंकि ये बच्चे वहीं रहते हैं।

# पप्पू यादव के बाद अब गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी

## 'अमजद' नाम से आया फोन

**एजेंसी । पटना**



पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को कथित तौर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से धमकी मिलने के बाद अब बिहार के एक और सांसद को धमकी दी गई है। इस बार निशाने पर बेगूसराय से सांसद और भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री और सांसद गिरिराज सिंह को वाट्सएप कॉल के जरिए धमकी दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**'अमजद' नाम के व्यक्ति ने किया फोन**

जानकारी के अनुसार गिरिराज सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। 'अमजद' नाम से आए एक व्हाट्सऐप कॉल के जरिए उनको धमकी दी गई है। गिरिराज सिंह ने इस मामले में डीजीपी को जानकारी दी है और बताया है कि उन्हें फोन कर धमकी दी गई है। हाल ही में गिरिराज सिंह ने अपनी हिंदू स्वाभिमान यात्रा खत्म की है। इस यात्रा के दौरान वो अपने बयानों से लगातार चर्चा में रहे।

**एक सप्ताह के अंदर दूसरे सांसद को धमकी**

पप्पू यादव को धमकी दिए जाने के बाद अब गिरिराज सिंह को धमकी दिए जाने के मामले ने सबको चौंका दिया है। केंद्रीय मंत्री को धमकी देनेवाले के बारे में अब तक कुछ भी पता नहीं चल सका है। यहां आपको बता दें कि इससे पहले भी गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी दी गई थी। बिहार में पूर्णिया से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की धमकी को संज्ञान में लेते हुए उनके सुरक्षा घेरा को बढ़ाने की मांग की थी।

केरल कासरगोड मामला

# मंदिर के अधिकारियों ने न लिया लाइसेंस, न दी इसकी जानकारी

## एसपी ने बताया कैसे हुआ हादसा?

**एजेंसी । केरल**

केरल में कासरगोड जिले के नीलेश्वरम में सोमवार आधी रात थैय्यम फेस्टिवल के दिन ही एक बड़ा हादसा हो गया। ये हादसा फेस्टिवल के दौरान आतिशबाजी के कारण हुआ, जिसमें 150 से अधिक लोग घायल हो गया है। केरल के कासरगोड में थैय्यम फेस्टिवल में आतिशबाजी के दौरान हुए भीषण हादसे में 150 से ज्यादा लोगो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस हादसे की जांच कर रही पुलिस ने इस घटना पर बयान दिया है। कासरगोड जिले की एसपी डी शिल्पा ने बताया कि पटाखा फोड़ते समय यह हादसा हुआ।

**एसपी डी शिल्पा ने दी जानकारी**




कासरगोड जिले की एसपी डी शिल्पा ने कहा, "पटाखे फोड़ते समय एक पटाखा उस कमरे पर गिरा जहां पटाखे रखे हुए थे। इसलिए विस्फोट वहीं हुआ है। चूंकि लोग उस कमरे के बहुत करीब बैठे थे, इसलिए कई लोग घायल हो गए। यही बात अब तक हमारी समझ में आई है। लेकिन और जांच की जरूरत है। पुलिस ने लाइसेंस के बारे में जानकारी देते हुए कहा, "मंदिर अधिकारियों ने कई बदलाव किए हैं, जिनके बारे में उन्होंने हमें नहीं बताया है। सबसे पहले, उन्होंने लाइसेंस नहीं लिया है और उन्होंने हमें पटाखों के इस्तेमाल के बारे में नहीं बताया है। उन्होंने किसी को नहीं बताया कि उस कमरे में पटाखे रखे गए हैं और उन्होंने लोगों को वहां बैठने की अनुमति दी है।

आगे और पूछताछ के बारे में एसपी डी शिल्पा ने कहा "इसलिए, मंदिर अधिकारियों की ओर से चूक हुई है, हम व्यापक जांच कर रहे हैं। अतिरिक्त एसपी उस जांच दल का नेतृत्व करेंगे और वह विस्तृत जांच करेंगे और रिपोर्ट जमा करने पर, यदि कोई चूक हुई है, तो कार्रवाई की जाएगी। अभी हमारे पास तीन लोग हिरासत में हैं। हम उनसे पूछताछ कर रहे हैं, यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हुआ है और उसके बाद गिरफ्तारी दिखाई जाएगी। बता दें कि केरल के कासरगोड में हुए इस हादसे में पुलिस ने बिना किसी अनुमति के आतिशबाजी करने और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में 8 मंदिर समिति सदस्यों के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि लापरवाही के कारण आतिशबाजी भंडारण क्षेत्र में आग लग गई।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को समर्पित की स्वास्थ्य सेवाएं

## 12,850 करोड़ के प्रोजेक्ट का शुभारंभ और शिलान्यास किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश को कई तरह की विश्व स्तरीय मेडिकल सुविधाएं प्रदान की है। उन्होंने लगभग 12,850 करोड़ रूपए के कामो की सौगात देश को दी है। पीएम ने मेडिकल के क्षेत्र में किये गए विस्तार से संबधित 12,850 करोड़ रुपयों के कामो का आज लोकार्पण तथा शिलान्यास किया है। यह आयोजन दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) में आयोजित किया गया था। इन मेडिकल सेवाओं के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का




उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम ने गर्भवती महिलाओं के वैक्सिनेशन टाइम को बताने वाले यू-विन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। साथ ही पीएम ने क्लाइमेट चेंज और ह्यूमन हेल्थ के लिए स्टेट स्पेसिफिक एक्शन प्लान को भी लॉन्च किया और हेल्थ अवेयरनेस बढ़ाने के लिए 'प्रकृति परीक्षण अभियान' भी शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के 40 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर बांटे। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला रोजगार मेला है, जहां इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए गए है।

# दिल्ली में चुनाव से पहले AAP को झटका

## अब्दुल रहमान ने किया इस्तीफे का ऐलान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के विधायक और बड़े मुस्लिम चेहरे अब्दुल रहमान ने इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। विचारों में फासला बढ़ने की बात कहकर उन्होंने पार्टी से भी अलग होने का संकेत दे दिया है। रहमान के कदम को विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।

अब्दुल रहमान सीलमपुर से विधायक हैं। एक्स हैंडल के जरिए मंगलवार को अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने आप' के मुखिया अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया को टैग करते हुए लिखा, 'आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं। विचारों में बढ़ते फासले को देखते हुए यह निर्णय लिया है। उम्मीद है कि पार्टी और समर्थक



मेरे इस कदम को समझेंगे।'


अब्दुल रहमान ने यह साफ नहीं किया है कि वह पार्टी के साथ बने रहेंगे या नहीं। लेकिन जिस तरह उन्होंने विचारों में फासला आने की बात कही है उससे उनके पार्टी से अलगाव के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी की ओर से उन्हें मनाने की कोशिश की जा सकती है। पार्टी नहीं चाहेगी कि विधानसभा चुनाव से पहले रहमान साथ छोड़ें। 2020 में आम आदमी पार्टी ने तब के विधायक हाजी इशराक का टिकट काटकर अब्दुल रहमान को विधानसभा का टिकट दिया था। विधायक बनने से पहले रहमान जाफराबाद से 'आप' के पार्षद रह चुके हैं। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ दिल्ली में हुई हिंसा के मामले में उनका नाम आ चुका है। रहमान पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

# राऊ आईएएस स्टडी सर्कल का मामला : 6 आरोपियों के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को पुराने राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन यूपीएससी उम्मीदवारों के डूबने के मामले में छह आरोपियों के खिलाफ सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का आदेश सुरक्षित रखा। मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) निशांत गर्ग ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के आदेश के लिए मामले को 14 नवंबर को सुनने के लिए सूचीबद्ध किया।

सीबीआई ने सीईओ अभिषेक गुप्ता, देशपाल सिंह और चार सह-मालिकों सरबजीत सिंह, परविंदर सिंह, तेजिंदर सिंह और हरविंदर सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। उन पर आपराधिक




साजिश और गैर इरादतन हत्या से संबंधित धाराओं के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है।

सुनवाई के दौरान नवीन डेल्विन के पिता के वकील अभिजीत आनंद ने कहा कि सीबीआई ने वर्तमान आरोपी या किसी भी लोक सेवक से जुड़े भ्रष्टाचार के पहलुओं की जांच नहीं की है। इसलिए चार्जशीट अधूरी है और कोर्ट इसे स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने आगे तर्क दिया कि अगर जांच अभी भी खुली है, तो इसका मतलब है कि चार्जशीट पूरी नहीं हुई है। इसलिए संज्ञान नहीं लिया जा सकता। इसे कोर्ट द्वारा वापस किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी तर्क दिया कि कोर्ट के अवलोकन के अनुसार, फायर एनओसी प्राप्त करने में अवैध तरीकों का इस्तेमाल किया गया था।

दूसरी ओर, सीबीआई के वरिष्ठ सरकारी वकील ने प्रस्तुत किया था कि भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में जांच खुली है। अगर इस पहलू पर कुछ भी आता है तो हम इसकी जांच करेंगे।

**ट्रिपल तलाक केस में बोला हाई कोर्ट**

# अगर हिंदू पर लागू तो मुस्लिम पर क्यों नहीं?

**एजेंसी । मदुरई**

ट्रिपल तलाक के एक मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी की है। जज ने कहाकि शरीयत काउंसिल एक निजी संस्था है, कोई कोर्ट नहीं है। यह मामला एक मुस्लिम डॉक्टर कपल का था, जिनकी शादी साल 2010 में हुई थी। पति ने ट्रिपल तलाक देकर दूसरी शादी कर ली थी, लेकिन पत्नी का कहना था कि उसने तीसरा तलाक सुना नहीं था। हालांकि डॉक्टर ने शरीयत से मिले डिवोर्स सर्टिफिकेट के आधार पर दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद उसकी पहली पत्नी मामले को लेकर कोर्ट पहुंच गई थी। इसके साथ ही



जज ने कहाकि अगर पहली शादी वैध रहते दूसरी शादी करना हिंदू धर्म में क्रूरता है तो मुस्लिमों में क्यों नहीं माना जाना चाहिए।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने शरीयत द्वारा जारी डिवोर्स सर्टिफिकेट को शॉकिंग बताया। उन्होंने कहाकि शरीयत ने पति की ट्रिपल तलाक की अर्जी स्वीकार कर ली और मीडिएटर बनने की कोशिश की, लेकिन पत्नी पर सहयोग न करने का आरोप लगा दिया। जज ने कहाकि केवल कोर्ट को इस तरह का आदेश देने का अधिकार है। शरीयत काउंसिल एक प्राइवेट बॉडी है, कोई कोर्ट नहीं। उन्होंने कहाकि चूंकि किसी कोर्ट ने यह फैसला नहीं दिया है, ऐसे में डॉक्टर की पहली शादी मान्य रहेगी।

हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान जज ने कहाकि डॉक्टर द्वारा दूसरा विवाह कर लेने से पत्नी को काफी ज्यादा भावनात्मक तकलीफ पहुंची है। यह एक तरह की क्रूरता है। जज ने कहाकि अगर कोई हिंदू, ईसाई, पारसी या यहूदी पहली शादी के वैध रहते हुए दूसरी शादी करता है तो इसे क्रूरता माना जाता है। निश्चित तौर पर इसे प्रोटेक्शन ऑफ वुमन फ्रॉम डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट 2005 के सेक्शन 12 के तहत क्रूरता माना जाता है। जस्टिस स्वामीनाथन ने कहा कि ठीक यही बात मुस्लिमों के ऊपर भी लागू होती है।

मामला साल 2018 का है जब पति द्वारा तीन तलाक देने पर पत्नी कोर्ट चली गई। उसने तिरुनेलवेली ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के सामने कहाकि तीसरा तलाक उसको संबोधित करके नहीं बोला गया था। इसलिए शादी अभी भी मान्य है। उसके पति ने उसी साल दूसरी शादी कर ली थी। साल 2021 में मजिस्ट्रेट ने पहली पत्नी के पक्ष में फैसला सुनाया। साथ ही पति से कहाकि वह अपनी पत्नी को मुआवजे के रूप में पांच लाख रुपए दे। इसके अलावा नाबालिग बच्चों की देख-रेख के लिए हर महीने 25 हजार रुपए देने का भी फैसला सुनाया। बाद में पति मामले को लेकर सेशन कोर्ट में पहुंचा था, लेकिन वहां उसकी अपील खारिज हो गई।

# राजस्थान के 7 जिलों को मिलेगा दिवाली का तोहफा, PM मोदी करेंगे शिलान्यास

**एजेंसी । भरतपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को प्रदेश के सात जिलों में बनने वाली 8 क्रिटीकल केयर यूनिटों का शिलान्यास करेंगे। मोदी वर्चुअली रूप से संबोधन देंगे, जिसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर में बैठकर सुनेंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध आरबीएम अस्पताल में बनने वाली केयर यूनिट के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को पहुंचेंगे। अस्पताल प्रशासन की ओर से सोमवार देर शाम तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आरबीएम अस्पताल में क्रिटीकल केयर यूनिट डीडीसी काउंटरों के पीछे व पार्किंग स्थल पर बनाई जाएगी। यहां पर कार्यक्रम के लिए पांडाल लगाया जा रहा है। वर्चुअली शिलान्यास



समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा के साथ अधिकारी साथ मौजूद रहेंगे। इसको लेकर सोमवार-मंगलवार को पार्किंग का स्थान भी बदला गया। सोमवार शाम को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश के भरतपुर, चूरू, बूंदी, चित्तौडगढ़, सिरोही, करौली, धौलपुर एवं हनुमानगढ़ में क्रिटीकल केयर यूनिट तैयार होनी हैं। इसके लिए बजट स्वीकृत कर दिया है। सरकार की ओर से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी मिल गई है। आरबीएम अस्पताल में रीको रोड की ओर बने वाहन स्टैण्ड के पास इसके लिए जगह चिह्नित की गई है। इस यूनिट में सभी तरह के इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का उपचार किया जाएगा। मुख्य रूप से सभी इमरजेंसी, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर एवं डायलसिस की सुविधा होगी। रोड एक्सीडेंट वाले मरीजों के लिए अलग से मेडिकल कॉलेज कैम्पस में ट्रोमा सेंटर बनना भी प्रस्तावित है, जो इस यूनिट से बिल्कुल अलग है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को जयपुर से रवाना होंगे और हैलीकॉप्टर से एमएसजे कॉलेज में बनाए गए हैलीपेड पर पहुंचेंगे। इसके बाद आरबीएम अस्पताल पहुंचकर पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत क्रिटीकल केयर ब्लॉक के शिलान्यास कार्यक्रम में आरबीएम अस्पताल में भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप

### टनल हादसे में दो मजदूरों की हुई मौत

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में 28 अक्टूबर को हुए एक भयानक टनल हादसे में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। पहले पुलिस ने एक ही मजदूर की मौत की सूचना दी थी, लेकिन पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने इस दुखद घटना में दो मजदूरों की मौत की पुष्टि की।

यह हादसा एनआईटी मोड़ पर एग्जिट पॉइंट के निकट मेट्रो टनल में हुआ। जहां से दो मजदूरों को रेस्क्यू कर निकाला गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लोको पिक-अप का ब्रेक फेल हो गया, जिसके कारण यह मजदूरों पर चढ़ गया। जानकारी के अनुसार, टनल के अंदर नाइट शिफ्ट में काम कर रहे तीन मजदूरों में से दो घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मोतिहारी में आरपीएफ इंस्पेक्टर के घर छापेमारी

**मोतिहारी।** मोतिहारी में तैनात आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज गुप्ता के निवास पर मंगलवार को एएसपी शिखर गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 16.5 लीटर विदेशी शराब और एक लाख रुपये नकद बरामद किए। छापेमारी नगर थाना पुलिस के सहयोग से की गई थी, लेकिन आरोपी इंस्पेक्टर पंकज गुप्ता मौके से फरार हो गए। यह छापेमारी एसपी द्वारा शुरू की गई वाट्सऐप शिकायत प्रणाली के तहत मिली सूचना के आधार पर की गई। पंकज गुप्ता के आचरण को लेकर पहले से ही संदेह जताया जाता रहा है। उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ भी संबंधों में खटास की चर्चा है। पुलिस अब फरार इंस्पेक्टर की तलाश में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### चंपई सोरेन ने आदिवासियों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

**रांची।** झारखंड में 81 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा कि आदिवासियों को बांग्लादेशी घुसपैठियों की साजिश से बचाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है, तो आदिवासियों की कथित तौर पर हड़पी गई जमीन उन्हें लौटाई जाएगी। सोरेन सरायकेला विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं, जहां वे अगस्त में झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

# अयोध्या में रामलला के नव्य मंदिर में प्रथम दीपोत्सव की भव्यता

### मुख्यमंत्री योगी का विशेष प्रवास

**एजेंसी । अयोध्या**

अयोध्या में रामलला के नए मंदिर में पहली बार आयोजित हो रहे दीपोत्सव 2024 का आयोजन भव्यता से होगा। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 घंटे रामनगरी में उपस्थित रहेंगे। 30 अक्टूबर को सीएम योगी दोपहर 2:20 बजे अयोध्या पहुंचेंगे और 31 अक्टूबर को सुबह 10:20 बजे गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### शोभायात्रा और रामकथा पार्क में भव्य आयोजन

दीपोत्सव का मुख्य आयोजन 30 अक्टूबर की सुबह 9 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलने वाली शोभायात्रा से आरंभ होगा। सीएम योगी का आगमन हेलीकॉप्टर से रामकथा पार्क में दोपहर 2:20 बजे होगा, जहां वे प्रदर्शनी और शोभायात्रा का अवलोकन करेंगे। दोपहर 2:40 बजे श्रीराम और माता सीता के स्वरूप रामकथा पार्क में पहुंचेंगे और इसके बाद उनकी पूजा-अर्चना के साथ प्रतीकात्मक राज्याभिषेक संपन्न होगा। दोपहर 2:50 बजे भरत मिलाप एवं पुष्प वर्षा जैसे आयोजन होंगे।

### दीप प्रज्ज्वलन का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

दीपोत्सव के मुख्य आकर्षण दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में, लाखों दीप जलाए जाएंगे, जिससे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसे दर्ज करने की योजना है। यह कार्यक्रम शाम 6:25 से 7:25 बजे तक राम की पैड़ी पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर शो और विभिन्न अतिथियों का संबोधन भी होगा।

### मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम और अन्य कार्यक्रम

मुख्यमंत्री शाम 7:30 बजे आतिशबाजी का अवलोकन करेंगे और उसके बाद रामकथा पार्क में आयोजित रामलीला में शाम 7:50 से रात 9:30 तक उपस्थित रहेंगे। रात्रि विश्राम के लिए वे सरयू होटल में ठहरेंगे।

### अगले दिन संत-महात्माओं से मिलेंगे

31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री सुबह 8 बजे रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे और मणिरामदास छावनी में संतों से भेंट करेंगे। इसके बाद सुबह 10:20 बजे रामकथा पार्क से गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आजमगढ़ में लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

### एक फरार, तलाश में जुटी पुलिस



### घटनास्थल से तमंचा, बाइक और लूट का सामान बरामद

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में पुलिस ने सोमवार की सुबह तड़के मुठभेड़ में दो शराब की दुकानों पर लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से तमंचा, बाइक और लूट का सामान बरामद किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जिले में 17 और 23 अक्टूबर की रात को शराब की दुकानों पर लूट की घटनाएं हुई थीं। पहली घटना में तीन बदमाशों ने जहानागंज थाना क्षेत्र के बबुरा गांव के पास एक अंग्रेजी शराब की दुकान को निशाना बनाया था। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। 23 अक्टूबर को गोधौरा में एक विदेशी शराब की दुकान पर सेल्समैन अवीनाश सिंह से मारपीट कर बदमाशों ने 25,000 रुपये और शराब लूट ली थी। पुलिस ने मामले की जांच में तेजी दिखाई और मुखबिर की सूचना पर आरोपियों का पीछा किया।

बजहा पुलिया के पास हुई मुठभेड़ में पुलिस ने चारों आरोपियों को पकड़ लिया। घटनास्थल से तमंचा, बाइक और लूट का सामान बरामद हुआ। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# आरक्षण में वर्गीकरण पर मायावती का विरोध : कांग्रेस-भाजपा पर निशाना

### तेलंगाना और कर्नाटक सरकारों के फैसले पर जताई नाराजगी

**लखनऊ।** तेलंगाना और कर्नाटक की सरकारों द्वारा आरक्षण में वर्गीकरण का निर्णय लेते हुए नए बदलाव किए गए हैं, जिस पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने तीखा विरोध जताया है। उन्होंने इस फैसले को दलित-विरोधी करार देते हुए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे के रूप में दर्शाया है। मायावती ने इस मुद्दे पर ट्वीट करते हुए अपने विचार व्यक्त किए और इसे दलितों के अधिकारों के खिलाफ षड्यंत्र बताया।

### 'दलितों को बांटने की कोशिश'



मायावती ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि आरक्षण में वर्गीकरण की नीति करोड़ों दलितों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर हमला करते हुए कहा कि इनकी विभाजनकारी नीतियां दलित समाज और संविधान के लिए खतरा बनती जा रही हैं।

# प्रतापगढ़ में ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

### छह घंटे तक बंद रही क्रॉसिंग

**एजेंसी । प्रतापगढ़**

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में मंगलवार सुबह एक रेलवे हादसे में शंटिंग ऑपरेशन के दौरान एक पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना बेल्हा देवी धाम रेलवे जंक्शन के पास हुई, जिससे रेलवे स्टेशन से सटी जेल रोड क्रॉसिंग को लगभग छह घंटे तक बंद रखना पड़ा। इस वजह से स्थानीय निवासियों और यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।



### स्टेशन अधीक्षक का बयान

स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद ने जानकारी दी कि सुबह करीब 5:30 बजे 12 डिब्बों वाली पैसेंजर ट्रेन शंटिंग प्रक्रिया के दौरान पटरी से उतरी। घटना के दौरान ट्रेन के सभी डिब्बे खाली थे, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। इस घटना के दौरान बगल के ट्रैक से ट्रेनों का संचालन जारी रहा, परंतु सुरक्षा कारणों से जेल रोड क्रॉसिंग को बंद रखा गया। लगभग 11:15 बजे तक ट्रैक को पुनः चालू कर दिया गया, और इसके बाद क्रॉसिंग को यातायात के लिए खोल दिया गया।

### रेलवे प्रशासन की तत्परता और जांच

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए और स्थिति को सामान्य करने में जुट गए। इस दौरान, सरयू एक्सप्रेस और पद्मावत एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों को कुछ समय के लिए पहले के स्टेशनों पर रोकना पड़ा। रेलवे प्रशासन ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और यह जानने का प्रयास कर रहा है कि शंटिंग के दौरान डिब्बे पटरी से कैसे उतर गए।

### यात्रियों को हुई असुविधा

इस दुर्घटना के कारण स्थानीय लोगों और यात्रियों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ा, क्योंकि क्रॉसिंग के बंद रहने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रेलवे प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के उपाय करने पर जोर दिया जा रहा है।

# मेरठ में बनेगा 100-बेड का अत्याधुनिक ईएसआई अस्पताल

### स्वास्थ्य सेवाओं में नई ऊंचाई: प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से जोड़ा




**मेरठ।** मेरठ के कंकरखेड़ा में जल्द ही एक नया कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल स्थापित होने जा रहा है, जिसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। 148 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 100-बेड का अस्पताल क्षेत्र के लगभग एक लाख कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए लाभकारी होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि केंद्रीय श्रम, रोजगार व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडाविया ने भी इस परियोजना के महत्व को रेखांकित किया।

### आम जनता के लिए ओपीडी सुविधा, 10 रुपए में स्वास्थ्य सेवाएं

केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडाविया ने बताया कि इस अस्पताल के निर्माण से बीमित कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं आसानी से मिलेंगी। इसके साथ ही आम जनता के लिए ओपीडी की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसके लिए उन्हें सिर्फ 10 रुपये की पर्ची कटवानी होगी। मेरठ के अतिरिक्त आसपास के जिलों जैसे मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, हापुड़ के निवासियों को भी इस अस्पताल से लाभ प्राप्त होगा।

## व्यापार जगत

### शेयर बाजार में तेजी

# सेंसेक्स और निफ्टी दोनों हरे निशान पर बंद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश का शेयर बाजार मंगलवार को दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ। प्रमुख सूचकांकों बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी ने सकारात्मक प्रदर्शन किया। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (BSE) के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 363.99 अंक (0.45 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 80,369.03 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 127.70 अंक (0.52 प्रतिशत) बढ़कर 24,466.85 पर बंद हुआ।



### शेयरों में हलचल

कारोबार के अंत में 2,171 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1,533 शेयरों में गिरावट देखी गई। निफ्टी की कंपनियों में एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, और एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में सबसे अधिक लाभ दर्ज किया गया, जबकि टाटा मोटर्स, डॉ. रेड्डीज लैब्स, और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट आई।

### सेंसेक्स में प्रमुख शेयर

सेंसेक्स में 30 में से 17 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। लाभ में रहने वाले शेयरों में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। दूसरी ओर, मारुति, टाटा मोटर्स, और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट आई। मंगलवार को भारतीय रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ।

### प्रारंभिक कारोबार की स्थिति

बाजार गिरावट के साथ खुला। इस दौरान सेंसेक्स 167.80 अंक (0.21 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 79,837.24 पर और निफ्टी 43.90 अंक (0.18 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 24,295.30 पर खुला। प्री-ओपनिंग सत्र में भी बेंचमार्क सूचकांक गिरावट में दिखे। सेंसेक्स 66.55 अंक (0.08 प्रतिशत) गिरकर 79,938.49 पर और निफ्टी 97.90 अंक (0.40 प्रतिशत) गिरकर 24,241.30 पर बंद हुआ।

# केनरा बैंक का शुद्ध लाभ 11% बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शुद्ध लाभ 4,015 करोड़ रुपये दर्ज किया। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 3,606 करोड़ रुपये था। बैंक द्वारा शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 34,721 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 31,472 करोड़ रुपये थी। इस तिमाही में बैंक ने 29,740 करोड़ रुपये की ब्याज आय प्राप्त की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 26,838 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक ने सकारात्मक संकेत दिखाए हैं। सितंबर 2024 के अंत तक सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर 3.73 प्रतिशत हो गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 4.76 प्रतिशत थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए या डूबा कर्ज भी 1.41 प्रतिशत से घटकर 0.99 प्रतिशत पर आ गया है।

# अफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के आईपीओ का अंतिम दिन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप की अफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ मंगलवार को अपने सब्सक्रिप्शन के अंतिम दिन पर था। यह पब्लिक इश्यू शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024 को खोला गया था, लेकिन अब तक इसे निवेशकों से सीमित प्रतिक्रिया मिली है।




### सब्सक्रिप्शन की स्थिति

मंगलवार सुबह 10:45 बजे तक, 8,66,19,950 शेयरों की पेशकश के मुकाबले केवल 5,53,77,664 शेयरों के लिए बोली लगी, जिससे सब्सक्रिप्शन रेट 0.64 गुना रहा। गैर-संस्थागत निवेशकों (NII) से सबसे ज्यादा बोलियां आई हैं, जिनका सब्सक्रिप्शन 1.43 गुना रहा। वहीं, रिटेल निवेशकों का सब्सक्रिप्शन 0.44 गुना और योग्य संस्थागत खरीदारों (QIB) का 0.37 गुना है।


### ग्रे मार्केट प्रीमियम में वृद्धि

आखिरी दिन पर अफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम (GMP) बढ़ा है। सूत्रों के अनुसार, अफकॉन्स के अनलिस्टेड शेयर 40 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं, जो आईपीओ की ऊपरी कीमत 463 रुपये के मुकाबले 8.64 प्रतिशत का GMP दर्शाता है।

### आईपीओ की वित्तीय जानकारी

अफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर इस आईपीओ के जरिए 5,430 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इसमें 2,69,97,840 नए शेयरों का फ्रेश इश्यू और 9,02,80,778 शेयरों का बिक्री प्रस्ताव (OFS) शामिल है। आईपीओ का प्राइस बैंड 440-463 रुपये है और लॉट साइज 32 शेयरों का है। निवेशक कम से कम 32 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 को होने की संभावना है। अफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 4 नवंबर 2024, सोमवार को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की उम्मीद है।

### ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में भारी गिरावट



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में मंगलवार को 3 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे यह 75.20 रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गए। इंट्राडे ट्रेड में कंपनी के शेयरों की कीमत इश्यू प्राइस 76 रुपये से भी नीचे चली गई है। ओला इलेक्ट्रिक का स्टॉक 9 अगस्त 2024 को शेयर बाजार में लांच हुआ था और 20 अगस्त 2024 को अपने उच्चतम स्तर 157.53 रुपये तक पहुंचने के बाद अब तक 52 प्रतिशत गिर चुका है। विश्लेषकों के अनुसार, कंपनी के उत्पादों और आफ्टर-सेल्स सर्विस में आई शिकायतों ने ओला की ब्रांड छवि को नुकसान पहुंचाया है।

# जेएसडब्ल्यू और पॉस्को का समझौता

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू समूह ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया स्थित पॉस्को समूह के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते की घोषणा की, जिसमें भारत में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता का संयंत्र विकसित करने पर सहमति बनी है। इस समझौते का उद्देश्य बैटरी सामग्री और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। जेएसडब्ल्यू समूह ने बताया कि यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) इस्पात, बैटरी सामग्री और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक ठोस आधार तैयार करेगा। दोनों पक्ष इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए आवश्यक बैटरी सामग्री और एकीकृत इस्पात संयंत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशेंगे।

### बैटरी सामग्री व नवीकरणीय ऊर्जा पर फोकस




### महत्वपूर्ण कदम

जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा कि यह समझौता भारतीय इस्पात उद्योग में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, "भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, जो सतत विकास के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।"

# बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी ने एटीपी फाइनल्स में जगह बनाई



**नंबर गेम**

- 3 बार इससे पहले भी बोपन्ना इसमें ले चुके हैं हिस्सा
- 10 से 17 नवंबर तक इटली के तूरिन में होगा टूर्नामेंट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सत्र के अंत में होने वाले प्रतिष्ठित एटीपी टेनिस फाइनल्स में जगह बना ली है। पेरिस मास्टर्स से नथानील लेमोन्स और जैकसन विथ्रो की जोड़ी के बाहर होने के साथ बोपन्ना और एब्डेन ने टूर्नामेंट में जगह बना ली। एटीपी फाइनल्स का आयोजन इटली के तूरिन में इनाल्पी एरेना में 10 से 17 नवंबर तक होगा। बोपन्ना चौथी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। हालांकि उनकी नजरें अपने पहले एटीपी फाइनल्स खिताब पर होंगी।

### आठ जोड़ियां लेंगी हिस्सा

तूरीन में होने वाले टूर्नामेंट में दुनिया की सिर्फ शीर्ष आठ जोड़ियां हिस्सा लेंगी। इनमें बोपन्ना और एब्डेन के अलावा वेस्ली कूलहोफ-निकोला मैकटिक, केविन क्राविट्ज-टिम पुएट्ज, हैरी हेलियोवारा-हेनरी पेटेन, मार्सेलो अरेवालो-मेट पाविच, मार्सेल ग्रेनोलर्स-होरासियो जेबालोस, साइमन बोलेली-आंद्रिया वावासोरी और मैक्स पुर्सेल-जोर्डन थॉम्पसन की पुरुष युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। बोपन्ना और एब्डेन ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया है। ये दोनों 2023 में तूरीन में सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें ग्रेनोलर्स और जेबालोस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### सत्र में शानदार रहा प्रदर्शन

बोपन्ना और एब्डेन ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी बोपन्ना इस दौरान 43 साल 331 दिन की उम्र में दुनिया का सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी भी बने। बोपन्ना और एब्डेन ने इसके बाद मियामी ओपन का भी खिताब जीता। भारत और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की जोड़ी ने इसके अलावा एडीलेड में फाइनल और रोलां गैरां में सेमीफाइनल में भी जगह बनाई। बोपन्ना ने सबसे पहले 2011 में ऐसा उल हक कुरैशी के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट में जगह बनाई थी। फिर 2012 में उन्होंने महेश भूपति और 2015 में फ्लोरिन मर्जिया के साथ इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया।

## रणजी का रण

# दिल्ली ने असम को दस विकेट से धोया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफी के चौथे और अंतिम दिन असम को दस विकेट से धोकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। पहली पारी में 124 रन से पिछड़ने वाली असम की टीम अंतिम दिन तीन विकेट पर 44 रन से आगे खेलते हुए दूसरी पारी में 42 ओवर में 182 रन पर आउट हो गई। अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरी पारी में तेज गेंदबाजों ने असम के आठ विकेट चटकाए। सिद्धांत शर्मा और मनी ग्रेवाल ने तीन-तीन जबकि हर्षित राणा ने दो विकेट झटके।



### दिल्ली को 59 रन का लक्ष्य

दिल्ली को 59 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाजों सनत सांगवान (नाबाद 34) और गगन वत्स (नाबाद 25) ने 16.1 ओवर में बिना विकेट खोए 62 रन बनाकर दिल्ली को सात अंक दिला दिए। टीम ग्रुप डी में 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। इससे पहले दिन की शुरुआत में ही असम ने आठ गेंद में सिर्फ एक रन जोड़कर शिवशंकर रॉय (4), भार्गव दत्ता (0) और कप्तान देनिश दास (1) के विकेट गंवा दिए। दास सोमवार को रिटायर्ड हर्ट हो गए थे लेकिन मंगलवार को दोबारा बल्लेबाजी करने उतरे। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सुमित (नाबाद 76 रन) ने एक छोर संभाले रखा लेकिन उन्हें साथी बल्लेबाजों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

### विदर्भ ने उत्तराखंड को 266 रन से रौंदा

**एजेंसी । देहरादून**

हर्ष दुबे (38/6) की बदौलत विदर्भ ने मंगलवार को उत्तराखंड पर 266 रन की बड़ी जीत दर्ज की। जीत के लिए 338 रनों मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड की टीम मात्र 21 ओवर में 71 रन पर लुढ़क गई। उत्तराखंड के बल्लेबाजों के सामने दुबे की फिरकी का कोई जवाब नहीं था। अनुभवी ऑफ स्पिनर अक्षय वखारे ने भी तीन विकेट झटके। उत्तराखंड के तीन बल्लेबाज युवराज चौधरी (38), कुनाल चंदेला (13) और स्वप्निल सिंह (12) ही दोहरे अंक तक पहुंचे। पांच बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए।

### ड्रॉ मैच में उत्तर प्रदेश को तीन अंक

**एजेंसी । नमुल्लांपुर**

उत्तर प्रदेश और पंजाब के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर उत्तर प्रदेश को तीन और पंजाब को एक अंक से संतोष करना पड़ा। पंजाब के 210 रन के जवाब में यूपी ने अपनी पारी नौ विकेट पर 556 रन बनाकर घोषित कर दी थी। पंजाब ने अंतिम दिन अपनी पारी 49 पर एक रन से आगे बढ़ाई और तीन विकेट पर 267 रन बनाए। जसकरणवीर सिंह पॉल 115 और सलिल अरोड़ा 11 रन बनाकर नाबाद लौटे। पुखराज मनन ने 91 रन बनाए।

### हिमाचल पारी से जीता

**एजेंसी । विशाखापत्तम**

हिमाचल प्रदेश ने आंध्र को पारी और 38 रन से रौंदा। हिमाचल ने तीन मैचों में दूसरी बार सात अंक हासिल कर ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर स्थिति मजबूत की। हिमाचल ने सुबह 478 पर नौ विकेट से पारी आगे बढ़ाई और 22 रन जोड़कर शेष एक विकेट गंवा दिया। इससे उसका स्कोर 500 रन रहा। पहली पारी में 344 रन बनाने वाला आंध्र दूसरी पारी में 32.1 ओवर में 118 रन पर सिमट गया। विनय ने पांच और मयंक डागर ने चार विकेट चटकाए।

# चोट का मजाक उड़ाने पर कोहली ने मैक्सवेल को किया था ब्लॉक

**एजेंसी । मेलबर्न**

भारतीय स्टार खिलाड़ी विराट कोहली ने सात साल पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया। इसका कारण मैक्सवेल ने 2017 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कंधे की चोट के बाद कोहली का मजाक उड़ाया था। मैक्सवेल ने मंगलवार को यह खुलासा किया। ये दोनों तब तक अच्छे दोस्त नहीं थे जब तक कि मैक्सवेल 2021 में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से नहीं जुड़ गए। बेंगलुरु ने उन्हें 14.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। भारत में 2017 टेस्ट सीरीज के दौरान कोहली को रांची मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान कंधे में चोट लगी थी। बाद में टेस्ट के दौरान मैक्सवेल ने कोहली की नकल करते हुए अपना दाहिना कंधा पकड़ लिया। इसके बाद चोट के कारण धर्मशाला टेस्ट से बाहर रहे कोहली को यह पसंद नहीं आया। मैक्सवेल ने कहा, मैंने उससे पूछा, क्या तुमने मुझे इंस्टाग्राम पर ब्लॉक किया है? और उसने कहा था, शायद, हां।

### 'आरसीबी में मेरा स्वागत करने वाले पहले व्यक्ति थे विराट '



मैक्सवेल ने कहा, जब मुझे पता चला कि मैं आरसीबी में जा रहा हूं तो विराट मुझे मैसेज करने वाले और टीम में मेरा स्वागत करने वाले पहले व्यक्ति थे। जब मैं आईपीएल से पहले के ट्रेनिंग शिविर के लिए आया तो हमने बातचीत की और साथ में काफी समय ट्रेनिंग में बिताया। तो मैं उसे फॉलो करने के लिए उसके सोशल मीडिया पर जाता हूं। इससे पहले मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे दिमाग में कभी यह बात नहीं आई। मैंने देखा, मैं उसे नहीं ढूंढ़ सकता। मुझे यकीन है कि वह कहीं ना कहीं सोशल मीडिया पर है। इसलिए मैंने इसके बारे में कुछ नहीं सोचा। ऐसा नहीं है कि शायद वह इंस्टाग्राम के बारे में नहीं जानता था। मुझे बिल्कुल समझ में नहीं आया कि वह क्यों नहीं मिल रहा। फिर, किसी ने कहा उसने तुम्हें ब्लॉक कर दिया होगा।

# दीप्ति करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर



**एजेंसी । दुबई**

भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में वह करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो वनडे में शानदार प्रदर्शन के चलते दीप्ति के 687 रैंकिंग अंक हो गए हैं जो करियर के सर्वाधिक हैं। उन्होंने इंग्लैंड की केट क्रास (तीसरे नंबर) और ऑस्ट्रेलिया में मेगना शट (चौथे नंबर) को पछाड़ा। इंग्लैंड सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर हैं। न्यूजीलैंड की ली ताहुहू (तीन पायदान चढ़कर 12वें), एमेलिया केर (एक ऊपर 13वें) और सोफी डिवाइन (9 पायदान ऊपर 30वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। बल्लेबाजी रैंकिंग में मंधाना एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर तीन स्थान के नुकसान से शीर्ष दस से बाहर हो गईं। वह 12वें स्थान पर खिसक गईं। जेमिमा तीन पायदान चढकर 30वें स्थान पर पहुंच गई। न्यूजीलैंड की डिवाइन आठवें और केर 11वें स्थान पर पहुंच गईं।


# पीसीबी ने मोहम्मद मसरूर को फील्डिंग कोच बनाया



**एजेंसी । कराची**


पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने स्थानीय प्रथम श्रेणी खिलाड़ी मोहम्मद मसरूर को ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच बनाया है। अपने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के लिए मशहूर रहे मसरूर को तीन दौरों का अनुबंध दिया गया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट में टीम के साथ रहे थे। पीसीबी के सूत्र ने कहा, लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच जैसन गिलेस्पी ने ही उनके नाम की सिफारिश की क्योंकि वह मसरूर के काम से बहुत खुश थे। मसरूर पाकिस्तान शाहीन और अंडर 19 टीमों के मुख्य कोच रह चुके हैं।

# दूसरे दौर में सिटसिपास



**एजेंसी । पेरिस**

स्टेफानोस सिटसिपास पेरिस मास्टर्स टेनिस के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने मंगलवार को पहले दौर में रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 4-6, 6-3, 6-3 से हरा दिया। इस जीत से सिटसिपास सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स में प्रवेश की दौड़ में बने हुए हैं। अमेरिका के टॉमी पॉल को फ्रांस के एड्रियन मानारिनो ने 3-6, 5-7 से मात दी। वहीं स्थानीय सितारे हुजो हुम्बर्ट ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। नीदरलैंड्स के टालों ग्रीकस्पूर ने लूसियानो डारडेरी को 6-3, 6-4 से हराया और अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंटर ज्वेरेव से होगा।



# 'अल्फा' में शामिल हुए ऋतिक रोशन

'पठान' और 'टाइगर 3' के साथ अपने YRF स्पाई यूनिवर्स को और बड़ा करने वाले आदित्य चोपड़ा ने पिछले साल पहली महिला प्रधान स्पाई फिल्म का ऐलान किया था, जिसका नाम 'अल्फा' है। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। जब से इस फिल्म का ऐलान हुआ था, उसी दिन से दर्शकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। अब ऋतिक रोशन 'अल्फा' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं।

### एजेंट कबीर के रूप में नजर आएंगे ऋतिक

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक फिल्म 'अल्फा' से जुड़ चुके हैं और इसमें वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऋतिक फिल्म में एजेंट कबीर के रूप में दिखाई देंगे। कहा जा रहा है कि ऋतिक 9 नवंबर, 2024 से मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस दौरान आलिया और शरवरी भी उनके साथ मौजूद रहेंगी। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। 'अल्फा' अगले साल क्रिसमस के मौके पर यानी 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शिव रवैल ने संभाली है।



# नाना पाटेकर की 'वनवास' का टीजर जारी

पिछले लंबे समय से दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपनी आगामी फिल्म 'वनवास' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान 'गदर' और 'गदर 2' के निर्देशक अनिल शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अनिल के बेटे और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब 'वनवास' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है। 'वनवास' इस साल क्रिसमस के मौके पर यानी 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# 'ख्वाबों का झमेला' का ट्रेलर जारी

अभिनेता प्रतीक बब्बर पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री सयानी गुप्ता के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब 'ख्वाबों का झमेला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसकी कहानी रोमांस और सस्पेंस से भरपूर है। प्रतीक की अदाकारी ने एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लिया है। ट्रेलर में प्रतीक के साथ सयानी की भी झलक दिख रही है।




### जानिए कब और कहां रिलीज होगी फिल्म

प्रतीक की फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि OTT प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म का प्रीमियर 8 नवंबर, 2024 से होगा। कुब्रा सेठ भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाती हुई नजर आएंगी। बता दें कि प्रतीक के पास सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' भी है। उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। 'सिकंदर' को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा।



# विद्या बालन ने जमकर की तब्बू की प्रशंसा



विद्या बालन इन दिनों फिल्म 'भूल भुलैया 3' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित जैसे दिग्गज सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। विद्या इस फिल्म में मंजुलिका बनकर वापसी कर रहे हैं। विद्या ने अभिनेत्री तब्बू की जमकर तारीफ की। तब्बू ने 'भूल भुलैया 2' में मंजुलिका बन दर्शकों का दिल जीता था।



### मुझे तब्बू बहुत पसंद हैं- विद्या

विद्या ने कहा, 'मुझे तब्बू बहुत पसंद हैं। मैं उनसे सालों से नहीं मिली हूं, लेकिन मैंने हमेशा कहा है कि तब्बू उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने हमेशा पर्दे पर कमाल किया है। वह बहुत सहज हैं। वह किसी भी किरदार को बखूबी से निभाती हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने 'भूल भुलैया 2' देखी थी और मुझे फिल्म बहुत मजेदार लगी। मंजुकिला के किरदार में तब्बू बहुत अच्छी लग रही थीं।'

# सारा अली खान पहुंचीं केदारनाथ

29 अक्टूबर को सारा अली खान केदारनाथ मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने केदार धाम के दर्शन किए और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वह महादेव की भक्ति में लीन नजर आईं। सारा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी ढेर सारी तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जय श्री केदार। मंदाकिनी का बहना। आरती की ध्वनि। एक सागर...बादलों के पार।' सारा ने एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वह बाजार में घूमती नजर आ रही हैं।

### ये हैं सारा की आगामी फिल्में

काम के मोर्चे पर बात करें तो सारा को पिछली बार फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। अब सारा फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' में नजर आएंगी। इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर ने भी अभिनय किया है। अनुराग बसु ने इसके निर्देशन की कमान संभाली है। सारा के पास अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' भी है।

## मलाड पश्चिम विधानसभा सीट



# चौथी बार जीत की पताका लहराएंगे कांग्रेस के असलम शेख या फिर बीजेपी देगी मात ?





ग्राउंड रिपोर्ट

धीरज सिंह

बीजेपी ने इस बार तेज तर्रार प्रवक्ता विनोद शेलार को मलाड पश्चिम से टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने मौजूदा विधायक असलम शेख पर भरोसा कायम रखा है। इस सीट पर 2009 से कांग्रेस लगातार जीतती आई है, जबकि बीजेपी हर बार दूसरे स्थान पर रही है। दोनों पार्टियों के वोट प्रतिशत में हर चुनाव में वृद्धि देखी गई है, और दोनों के बीच मतों का अंतर भी कम है। आंकड़े इशारा करते हैं कि इस बार का चुनाव मुकाबला दिलचस्प रहेगा।

### 2009 से अस्तित्व में है मलाड पश्चिम विधानसभा सीट

मलाड पश्चिम विधानसभा सीट 2008 परसीमन के बाद बना। 2009 में पहली बार ये विधानसभा अस्तित्व में है। तब से इस सीट पर 3 बार चुनाव हुआ है। मलाड पश्चिम विधानसभा सीट राज्य के उत्तरी मुंबई लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। इस सीट पर तीनों बार कांग्रेस के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। 2014 में भाजपा के राम बारोट ने इस निर्वाचन क्षेत्र से असलम शेख के खिलाफ चुनाव लड़ा था। असलम शेख महज 2303 वोटों से जीत गए थे। चूंकि इस निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा की हार हुई थी, इसलिए भाजपा ने 2019 के चुनाव में पूर्व विधायक रमेश सिंह ठाकुर को उम्मीदवार बनाया। असलम शेख ने यह चुनाव 10 हजार वोटों से जीता। असलम शेख को 79 हजार 494 वोट और रमेश सिंह ठाकुर को 69 हजार 092 वोट मिले थे।

### स्थानीय बीजेपी नेताओं का विरोध

विनोद शेलार की उम्मीदवारी घोषित होते ही यह मुद्दा एक बार फिर गरमाने लगा है। उनकी उम्मीदवारी पर स्थानीय बीजेपी नेताओं ने कड़ा विरोध जताया है। स्थानीय बीजेपी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया कि किसी स्थानीय उम्मीदवार को टिकट दिया जाए ताकि जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष कम हो सके। अपने पत्र में स्थानीय नेताओं ने उल्लेख किया है कि पिछले पांच चुनावों से मलाड से पार्टी ने बाहरी उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जिससे चुनावी प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उनका कहना है कि इन सभी चुनावों में हार का मुख्य कारण यही रहा है कि स्थानीय कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में असंतोष बढ़ा है। हर बार कांग्रेस उम्मीदवार असलम शेख बीजेपी उम्मीदवार को बाहरी बताकर 15 से 20 प्रतिशत अतिरिक्त वोट हासिल करने में सफल हो जाते हैं, जिससे बीजेपी को नुकसान होता है।

### असलम के लिए राह आसान

शेलार के नामांकन से असलम शेख का सिरदर्द कम हो गया है। उन्हें चुनौती तभी मिल सकती थी, जब गोपाल शेट्टी असलम शेख के सामने होते। इसलिए शेलार के नामांकन से असलम शेख को फुलटॉस देने की चर्चा शहरवासियों के बीच है और सभी की नजर इस पर है कि क्या शेलार की यह फुलटॉस असलम शेख को लगेगा।

**2009 विधानसभा चुनाव परिणाम**

| उम्मीदवार | दल | वोट | वोट |
|---|---|---|---|
| असलम शेख | कांग्रेस | 51,635 | 43.49 |
| आर यू सिंह | बीजेपी | 23,940 | 20.16 |
| नील देसाई | मनसे | 16,450 | 13.85 |
| दीपक पवार | निर्दलीय | 6,344 | 5.34 |
| सुनील कोली | निर्दलीय | 5,970 | 5.03 |
| ऑस्टिन अनुग्रह | निर्दलीय | 5,382 | 4.53 |
| सुसैराज बाबू एंथोनी | AIADMK | 1,582 | 1.33 |
| खान अजीमुद्दीन शमी | एसपी | 1,486 | 1.25 |
| सिरिल डीसूजा | निर्दलीय | 926 | 0.7 |

**2014 विधानसभा चुनाव परिणाम**

| उम्मीदवार | दल | वोट | वोट |
|---|---|---|---|
| असलम शेख | कांग्रेस | 56,574 | 37.28 |
| राम बारोट | बीजेपी | 54,271 | 35.76 |
| डॉ विनय जैन | एसएचएस | 17,888 | 11.79 |
| दीपक पवार | MNS | 14,425 | 9.51 |
| सिरिल डीसूजा | निर्दलीय | 2,839 | 1.87 |
| उपरोक्त में से कोई नहीं | नोटा | 1,714 | 1.13 |
| सुनील शिंदे | NCP | 951 | 0.63 |
| रुखसाना सिद्दीकी | एसपी | 870 | 0.57 |

**2019 विधानसभा चुनाव परिणाम**

| उम्मीदवार | दल | वोट | वोट |
|---|---|---|---|
| असलम शेख | कांग्रेस | 79,494 | 50.87 |
| रमेश सिंह ठाकुर | बीजेपी | 69,092 | 44.22 |
| उपरोक्त में से कोई नहीं | NOTA | 3,490 | 2.23 |



## आर-पार

# अबु आजमी के लिए बड़ी चुनौती हैं नवाब मलिक




महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा के लिए एक शर्मिंदगी की स्थिति तब उत्पन्न हो गई, जब विरोध के बावजूद NCP के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक ने मंगलवार को मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। मलिक का मुकाबला समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी से होगा, जो पहले तीन बार विधायक रह चुके हैं। मानखुर्द शिवाजी नगर सीट सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबु आसिम आजमी की है। वो वहां से तीन बार से चुनाव जीत रहे हैं।मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र उत्तर पूर्व मुंबई लोकसभा क्षेत्र में आता है। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में यह सीट शरद पवार की एनसीपी के संजय पाटील ने जीती है। यह इलाका समाजवादी पार्टी का गढ़ है। नवाब मलिक के नामांकन पर आजमी ने कहा है उन्हें बीजेपी यहां भेज रही है।

### मानखुर्द शिवाजी नगर में एमवीए

लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी (अजित पवार) के गठबंधन यानी महायुति ने मिहिर कोटेचा को उम्मीदवार बनाया था। लेकिन उन्हें महाविकास आघाडी के उमीदवार संजय पाटील के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पाटील शरद पवार की एनसीपी के उम्मीदवार थे। पाटील की जीत में बड़ा योगदान मानखुर्द शिवाजी नगर का ही था। संजय दीना पाटील को मानखुर्द शिवाजी नगर से 116072 वोट मिले थे। वहीं बीजेपी उम्मीदवार मिहिर कोटेचा को केवल 28 हजार 101 वोट ही मिले थे।यही वजह है कि मानखुर्द शिवाजी नगर से तीन बार विधायक रह चुके अबु आसिम आजमी अपनी जीत के लिए आश्वस्त हैं।

### एंटी इनकंबेंसी हो या न हो लेकिन चुनौती तो है

आजमी जब ये पूछा गया कि तीन बार विधायक रहने से एन्टी इनकम्बेंसी नहीं होगी? इस सवाल पर आजमी ने कहा नहीं, यहां हर बार मेरे वोट बढ़े हैं। मानखुर्द शिवाजी नगर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है।इसलिए आजमी भले आश्वस्त हैं लेकिन एनसीपी के नवाब मलिक आजमी के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। नवाब मलिक महाराष्ट्र की राजनीति का बड़ा चेहरा हैं। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी के विरोध के चलते ही एनसीपी से उनका टिकट कट गया। इससे मुस्लिमों में उनके प्रति सहानुभूति है।

### अबु आसिम आजमी के आरोप क्या हैं?

अबु आसिम आजमी का कहना है कि नवाब मलिक आ नहीं रहे बल्कि बीजेपी उन्हें भेज रही है।उन्होंने कहा कि बीजेपी जानती है कि उसे मुसलमानों के वोट नहीं मिलते, इसलिए मुस्लिम वोटों को बांटने के लिए बीजेपी जानबूझकर नवाब मलिक के विरोध का नाटक कर रही है। आखिर उनकी बेटी तो महायुति से ही लड़ रही है।

## महाराष्ट्र की दिलचस्प तस्वीर

### कई सीटों पर सहयोगी दलों ने एक दूसरे के खिलाफ दिए उम्मीदवार



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार (29 अक्टूबर) आखिरी दिन रहा। अब बुधवार (30 अक्टूबर) को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 4 नवंबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। अभी तक जो तस्वीर सामने आई है उसमें सत्ता पर काबिज महायुति और विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट दिख रही है। आखिरी तस्वीर 4 नवंबर तक साफ हो जाएगी।

### वो सीटें जहां गठबंधन दलों ने दिए उम्मीदवार

**मिरज विधानसभा सीट :** यहां से उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने तानाजी सातपुते को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने मोहन वनखंडे को मैदान में उतारा है।

**सांगोला विधानसभा सीट :** यहां से शिवसेना (यूबीटी) ने दीपक आबा सालुंखे पर भरोसा जताया है। वहीं शेतकरी कामगार पक्ष ने बाबासाहेब देशमुख को टिकट दिया है।

**दक्षिण सोलापुर विधानसभा सीट :** कांग्रेस ने दिलीप माने पर दांव लगाया है तो वहीं उद्धव ठाकरे ने अमर पाटील को टिकट दिया है।

**पंढरपूर विधानसभा सीट :** पंढरपूर से भागीरथ भालके कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे हैं तो वहीं शरद पवार ने अनिल सावंत को उम्मीदवार घोषित किया है।

**परांडा विधासभा सीट :** उद्धव गुट ने रणजीत पाटील पर भरोसा जताया है तो वहीं शरद पवार गुट ने राहुल मोटे को टिकट दिया है।

**दिग्रस सीट :** पवन जैस्वाल शिवसेना (यूबीटी) तो माणिकराव ठाकरे कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

**अणुशक्तीनगर विधानसभा सीट :** अजित पवार ने नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को मैदान में उतारा है। यहां से एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने अविनाश राणे को टिकट दिया है।

**वरुड मोर्शी सीट :** देवेंद्र भुयार एनसीपी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे तो विरुद्ध उमेश यावलकर बीजेपी के उम्मीदवार है।

**मानखुर्द शिवाजी नगर सीट :** अजित पवार ने नवाब मलिक तो शिवसेना शिंदे से सुरेश पाटील को टिकट दिया है।

» नितिन तोरस्कर

# सियासी घरानों के स्टार-किड्स

महाराष्ट्र चुनाव में कहने को तो लड़ाई सत्ताधारी महायुति और विपक्षी महाविकास आघाड़ी के बीच है, लेकिन साथ में कई सियासी घरानों के वारिस भी किस्मत आजमा रहे हैं। आदित्य और अमित ठाकरे ही नहीं, कई दिग्गज नेताओं के लाड़ले और लाड़लियां भी मैदान में कूद पड़े हैं और सभी के लिए मुश्किलें लगभग बराबर ही नजर आ रही हैं।





विश्लेषण

अमित बृज

### पवार परिवार का पावर और संघर्ष

ठाकरे परिवार की तरह पवार परिवार भी अंदरूनी मतभेदों और चुनौतियों से जूझ रहा है। शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने एनसीपी के दो टुकड़े कर दिए, जिससे पार्टी में बिखराव की स्थिति बनी। हालांकि, महाराष्ट्र के लोगों ने शरद पवार के प्रति सहानुभूति दिखाई, जिससे इस कठिन दौर में पार्टी को कुछ हद तक स्थिरता मिली। अब शरद पवार ने अपने छोटे भाई श्रीनिवास पवार के बेटे युगेंद्र पवार को अजित पवार के खिलाफ बारामती विधानसभा सीट पर उतारा है। यह कदम अजित पवार द्वारा अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती लोकसभा सीट से सुप्रिया सुले के खिलाफ उतारने के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। सुप्रिया से हारने के बाद सुनेत्रा राज्यसभा सांसद बन चुकी हैं। इस बीच, एनसीपी ने अनिल देशमुख की जगह उनके बेटे सलिल देशमुख को काटोल विधानसभा से मैदान में उतारा है। अनिल देशमुख, जो उद्धव ठाकरे सरकार में गृह मंत्री थे, इस्तीफा देने के बाद जेल भी जा चुके हैं।

### ठाकरे परिवार का संघर्ष और चुनौती

2019 में आदित्य ठाकरे महाराष्ट्र के रसूखदार ठाकरे परिवार के पहले सदस्य थे, जिन्होंने चुनावी राजनीति का रुख किया था। तब तक न तो उनके पिता उद्धव ठाकरे और न ही चाचा राज ठाकरे ही ऐसा कर पाये थे। बालासाहेब ठाकरे के बारे में तो कहा जाता है कि उनको तो रिमोट पॉलिटिक्स में ही ज्यादा मजा आता था। उद्धव ठाकरे भी मुख्यमंत्री बनने के बाद ही विधान परिषद का चुनाव लड़े थे - और राज ठाकरे के चुनाव लड़ने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता, क्योंकि ऐसा हुआ तो बाल ठाकरे की विरासत पर दावेदारी कमजोर हो जाएगी। लेकिन अब राज ठाकरे ने भी बेटे अमित ठाकरे को माहिम से चुनाव मैदान में उतार दिया है। और पिछली बार से अलग रुख अपनाते हुए वर्ली से आदित्य ठाकरे के खिलाफ संदीप देशपांडे को एमएनएस का टिकट दिया गया है - और ठीक वैसे ही उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने भी माहिम से महेश सावंत को अपना उम्मीदवार बनाया है। देखा जाये तो वर्ली और माहिम की लड़ाई भी करीब करीब एक जैसी ही हो गई है, क्योंकि दोनो ही जगह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तरफ से पेच फंसा दिया गया है। वर्ली से शिंदे की शिवसेना ने मिलिंद देवड़ा को टिकट दिया है, जो मुरली देवड़ा के बेटे हैं। माहिम से पिछली बार सदा सरवरणकर शिवसेना-बीजेपी गठबंधन के टिकट पर चुनाव जीते थे, और बगावत के बाद उद्धव ठाकरे को छोड़ एकनाथ शिंदे के साथ हो गये। वैसे तो मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार ने अमित ठाकरे को समर्थने देने की घोषणा की है। लेकिन सदा सरवरणकर के नामांकन भरने से अमित ठाकरे के लिए चुनाव जीत पाना मुश्किल हो गया है। सीधे सीधे ठाकरे परिवार से तो नहीं, लेकिन उद्धव ठाकरे की तरफ से वरुण सरदेसाई भी बांद्रा ईस्ट से चुनाव मैदान में उतर रहे हैं - और उनका मुकाबला बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी से होने जा रहा है। बाबा सिद्दीकी की हाल ही में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जीशान सिद्दीकी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर 2019 में विधायक बने, लेकिन बदले हालात में वो डिप्टी सीएम अजित पवार की एनसीपी के उम्मीदवार बन चुके हैं। अगर वरुण सरदेसाई को आप नहीं जानते तो बता दें कि वो आदित्य ठाकरे की मौसी के लड़के हैं। 31 साल के वरुण सरदेसाई पेशे से इंजीनियर हैं, और वो शिवसेना की युवा शाखा से जुड़े रहे हैं। बताते हैं कि अगस्त, 2021 में उद्धव ठाकरे पर तत्कालीन केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की टिप्पणी के खिलाफ वरुण सरदेसाई प्रोटेस्ट में आगे देखे गये थे - और अप्रैल, 2022 में अमरावती सांसद नवनीत राणा के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था।

### स्टार किड्स की चुनौतीपूर्ण एंट्री

महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे और पवार परिवारों की तरह कई और स्टार किड्स चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन अधिकतर के लिए राह आसान नहीं दिख रही। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के बीजेपी में शामिल होते ही राज्यसभा भेजा गया, और अब उनकी बेटी श्रीजया चव्हाण भोकर से चुनाव लड़कर परिवार की तीसरी पीढ़ी की नेता बनेंगी। अशोक चव्हाण से पहले उनके पिता शंकरराव चव्हाण भी इस सीट से विधायक थे। दिग्गज नेता छगन भुजबल के भतीजे समीर भुजबल ने नांदगांव से निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है, क्योंकि महायुति में सीट बंटवारे के बाद यह सीट एकनाथ शिंदे की शिवसेना को दे दी गई, जिससे नाराज होकर समीर ने एनसीपी मुंबई इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। वहीं, शिंदे की शिवसेना ने मौजूदा विधायक सुहास कांडे को उम्मीदवार बनाया है। शिवसेना के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे के दोनों बेटे भी मैदान में हैं। नितेश राणे को बीजेपी ने फिर से कणकवली सीट से टिकट दिया है, जबकि उनके बड़े भाई नीलेश राणे को एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने कुडाल विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है।

### और भी हैं लिस्ट में

इस चुनाव में परिवारवाद की एक लंबी सूची नजर आ रही है। उम्मीदवारों में शामिल हैं सुनील देशमुख (पंजाब राव देशमुख के बेटे), रोहित पाटिल (आरआर पाटिल के बेटे), सना मलिक (नवाब मलिक की बेटी), संभाजीराव पाटिल (शिवाजीराव पाटिल निलंगेकर के पोते), डॉक्टर प्रतिभा पचपुते (बबनराव पचपुते की पत्नी), सुलभा गायकवाड़ (गनपत गायकवाड़ की पत्नी), शंकर जगताप (अश्विनी जगताप के देवर), और विनोद शेलार (आशीष शेलार के बेटे)।